■ आश्विन शुक्ल - 1 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 82 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 15-10-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





4 किरोड़ी का हंगामा, सबूत नहीं मिलने पर लौटी ईडी की टीम

6 मेजर उष्णीष जेटली: प्रतिबद्ध सैनिक, साहसी अधिकारी, आगे बढ़कर किया नेतृत्व

7 तय समय पर ही प्रदर्शित होगी शाहरुख खान की 'डंकी'



### शैलपुत्री

**वंदे वांछितलाभाय**
**चन्द्रार्धकृतशेखराम्।**
**वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं**
**यशस्विनीम्।।**

मां दुर्गा अपने पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती हैं। पर्वतराज हिमालय के वहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका यह 'शैलपुत्री' नाम पड़ा था। वृषभ-स्थिता इन माताजी के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बायें हाथ में कमल पुष्प सुशोभित है। यही नवदुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं।

## बड़े मंच पर पाकिस्तान फिर फेल

# सात विकेट से सबसे बड़ी जीत के साथ भारत शीर्ष पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/वार्ता।** खेल के हर विभाग में पाकिस्तान को बौना साबित करते हुये भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से रौंद कर आईसीसी एक दिवसीय विश्व कप की अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया।

दुनिया के विशालतम क्रिकेट स्टेडियम में हिलोरें मार रहे दर्शकों के नीले समंदर के बीच पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने शुरुआती संघर्ष के बाद भारत के गेंदबाजी आक्रमण के समक्ष हथियार डाल दिये और पूरी टीम 42.5 ओवर में 191 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। बाद में लक्ष्य का पीछा करने उतरे कप्तान रोहित शर्मा (86) ने चौके छक्कों की बौछार कर पाकिस्तानी गेंदबाजों का बैंड बजा दिया जिसके चलते भारत ने विजय लक्ष्य को 30.3 ओवर में ही तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। शाहीन शाह अफरीदी ने 36 रन देकर दो विकेट हासिल किये जबकि हसन अली को विराट का विकेट मिला।

इस जीत के साथ भारत न्यूजीलैंड को पछाड़ कर अंकतालिका के शीर्ष पर पहुंच गया है। विश्व कप के इतिहास में भारत की यह आठवीं जीत है जबकि पाकिस्तान के हाथ अब तक सिर्फ निराशा ही हाथ लगी है। भारत पाकिस्तान के इस मुकाबले में दोनो ही टीमों पर जबरदस्त मनोवैज्ञानिक दवाब था जिससे पार पाने में रोहित एंड कंपनी सफल रही। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, हार्दिक पांड्या और रविन्द्र जडेजा ने सही लाइन लेंथ पर गेंदबाजी कर पाकिस्तान को 191 रन के मामूली स्कोर पर सीमित कर दिया।

बाद में बल्लेबाजों ने विश्व कप के लिये उपयोगी स्ट्राइक रेट को ध्यान में रखते हुये आक्रामक बल्लेबाजी की और जीत को बेहद आसान बना दिया। रोहित शर्मा पूरी लय में नजर आये और मात्र 63 गेंदो की पारी में छह चौके और छह आसमानी छक्के जड़े। विराट कोहली (16) हालांकि मन मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके मगर संक्षिप्त पारी में उन्होने तीन बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचा कर दर्शकों का मनोरंजन किया। बीमारी से उबर कर क्रीज पर आये शुभमन गिल (16) ने दौड़ भाग करने के बजाय बाउंड्री से ही काम चलाया। श्रेयस अय्यर (53) भी कप्तान के साथ खुल कर खेले। वह अंत तक आउट नहीं हुये।

गेंदो के लिहाज से भारत की पाकिस्तान के खिलाफ यह सबसे बड़ी जीत है।



## 4 दशक बाद

# भारत-श्रीलंका के बीच हाई स्पीड यात्री नौका सेवा फिर से शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका के कांकेसंतुरई के बीच हाई स्पीड यात्री नौका सेवा 40 साल के बाद शनिवार (14 अक्टूबर) को फिर से शुरू की गई। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री, सर्बानंद सोनोवाल और तमिलनाडु के लोक निर्माण और बंदरगाह मंत्री, ई.वी. वेलु ने शनिवार को नागपट्टिनम बंदरगाह से नौका सेवा को हरी झंडी दिखाई।

केंद्रीय मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि नौका सेवा के संचालन से तमिलनाडु और श्रीलंका के उत्तरी प्रांत के बीच सांस्कृतिक संबंध बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नागपट्टिनम की तिरुवनल्लूर, नागोर और वेलानकन्नी जैसे धार्मिक केंद्रों से निकटता को देखते हुए श्रीलंका के कई तीर्थयात्रियों को लाभ होगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने वीडियो संदेशों के माध्यम से दोनों देशों के बीच नौका सेवा की शुरुआत की सराहना की। मोदी ने कहा कि नौका सेवा से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, वाणिज्यिक और राजनयिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, कनेक्टिविटी भारत-श्रीलंका आर्थिक साझेदारी के संयुक्त दृष्टिकोण का केंद्रीय विषय है और हम रामेश्वरम और तलाईमन्नार के बीच नौका सेवा फिर से शुरू करेंगे।

विक्रमसिंघे ने कहा कि दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी में सुधार के लिए नौका सेवा एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में गृह युद्ध (1983) के कारण नौका सेवा निलंबित कर दी गई थी।

## फर्स्ट टेक

### अमेरिका के कई हिस्सों में दिखेगा दुर्लभ सूर्यग्रहण

**पोर्टलैंड (अमेरिका)/एपी।** अमेरिका के कई इलाकों में शनिवार को एक दुर्लभ सूर्यग्रहण 'रिंग ऑफ फायर' दिखेगा। यह खगोलीय घटना अमेरिका के ऑरेगन से ब्राजील तक दिखेगी। इस सूर्यग्रहण को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। हालांकि, लोगों को मौसम को लेकर भी कुछ चिंताएं भी हैं क्योंकि आसमान में बादल छाये रहने की स्थिति में उन्हें सूर्यग्रहण नहीं दिखेगा। पूर्ण सूर्यग्रहण के विपरीत 'रिंग ऑफ फायर' ग्रहण के दौरान चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह से नहीं ढकता। इस खगोलीय घटना के दौरान चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच में आ जाता है तथा सूर्य के चारों ओर एक चमकदार वलय दिखता है। यह दुर्लभ घटना अमेरिका में ओरेगन, नेवादा, यूटा, न्यू मैक्सिको, टेक्सास के साथ ही ब्राजील में भी दिखेगी।

### यूक्रेन के अहम शहर पर रूस के हमले पांचवे दिन भी जारी

**कीव/एपी।** रूस की सेना ने शनिवार को लगातार पांचवें दिन पूर्वी यूक्रेनियाई शहर अवदीवका पर हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शहर के नेता विटाली बरबाश ने बताया कि मॉस्को, पूर्वी डोनेत्सक क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर को घेरने के लिए अतिरिक्त बल तैनात कर रहा है, जो रूस के कब्जे वाली क्षेत्रीय राजधानी के ठीक उत्तर में स्थित है, जिसे डोनेत्स्क भी कहा जाता है। बरबाश ने यूक्रेन के टेलीविजन चैनल से कहा, '' अवदीवका के आसपास 'दुश्मन ने न तो हमला करना बंद किया है और न ही गोलाबारी करना।'' शहर में लगभग 1,600 नागरिक रह रहे हैं जो इसकी युद्ध पूर्व आबादी लगभग 31,000 से बहुत कम है।

# भागवत ने सामाजिक समरसता को मजबूत करने का किया आह्वान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जम्मू/वार्ता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को संघ स्वयंसेवक से पर्यावरण की सुरक्षा, सामाजिक समरसता को मजबूत करने और भारत की पारंपरिक परिवार व्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम करने का आह्वान किया।

डा. भागवत ने अपने तीन दिवसीय जम्मू दौरे के दूसरे दिन संघ परिवार के विभिन्न संगठनों की समन्वय बैठक को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया।

बैठक में संघ परिवार के 38 संगठनों के 105 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई।

सरसंघचालक ने संगठनात्मक नेटवर्क को और अधिक फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि आरएसएस के संदेश को हर घर तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने आरएसएस की स्थापना के शताब्दी समारोह (100वें वर्ष) से पहले संगठन के नेटवर्क को फैलाने पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने पर भी जोर दिया।

समन्वय बैठक में डा. भागवत ने गांवों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए जम्मू-कश्मीर आरएसएस द्वारा शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम विकास और समाज में सामाजिक समरसता के लिए प्रोजेक्ट लेने वाले स्वयंसेवकों को कुछ सुझाव दिये।

## प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा

# मौजूदा भू-राजनीतिक, आर्थिक और तकनीकी परिवर्तन दुनिया में पैदा कर रहे हैं अनिश्चितता का माहौल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक, आर्थिक और तकनीकी परिवर्तन दुनिया में अनिश्चितता का माहौल पैदा कर रहे हैं तथा एक ऐसी परिस्थितियां बना रहे हैं, जो अस्थिर, जटिल और संदिग्ध हैं।

जनरल चौहान ने कहा कि दुनिया के देश अनिश्चित भविष्य के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं और यह उनकी अधिकांश राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीतियों और रक्षा व्यय में प्रतिबिंबित होता है।

सीडीएस ने यहां हिंदुस्तान



एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के सहयोग से वायुसेना संघ (कर्नाटक शाखा) की ओर से आयोजित 'चौदहवां एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे स्मृति' व्याख्यान दिया।

जनरल चौहान ने कहा, ''यदि आप राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीतियों पर नजर डालें, तो जापान, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश और कई अन्य देशों ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीतियों को पुनर्जीवित किया है। ये वास्तव में यूक्रेन संघर्ष के दौरान पुनर्जीवित हुए, लेकिन अब पश्चिम एशिया में बड़ा बदलाव हो रहा है।'' उन्होंने कहा, यदि आप इनमें से अधिकांश देशों के रक्षा व्यय को देखें तो उन्होंने इसे लगभग दोगुना बढ़ा दिया है। सीडीएस ने कहा कि क्या वैश्विक स्तर पर रक्षा उद्योग इन देशों की मांग को पूरा करने के लिए तैयार है, यह देखना अभी शेष है। उन्होंने कहा, ''मैं कहता हूं कि यहीं हमारे लिए कुछ अवसर छिपे हैं। जो माहौल बन रहा है वह भविष्य के लिए रक्षा उद्योग के वास्ते अवसर पैदा करता है। उन्होंने अंतरिक्ष, साइबर जैसे क्षेत्रों के साथ ही प्रौद्योगिकी संचालित युद्ध की प्रकृति और चरित्र में बदलाव की ओर इशारा करते हुए कहा, ''हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।

जनरल चौहान ने कहा, जो बदलाव हो रहा है वह अपरिहार्य है और दूसरों की तरह भारत भी इतिहास के प्रमुख चौराहे पर है और आज हम जो कदम उठाएंगे वह अगले 25 वर्षों में भारत की स्थिति को परिभाषित करेगा।''

| 15-10-2023 | 16-10-2023 |
| --- | --- |
| सूर्यास्त 5:50 बजे | सूर्योदय 5:59 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 66,282.74 | 19,751.05 |
| (-125.65) | (-42.95) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 5,998 रु. | 75,500 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# अब तक 3500 से अधिक लोग मारे गये, 12000 से अधिक घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

## इजराइल - हमास युद्ध



**यरुशलेम/रामल्ला/गाजा/वार्ता।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में मरने वालों की संख्या 2,200 से अधिक हो गई है, जबकि 8,700 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हमास के हमलों से इजराइल में 1300 लोगों की मौत हो गयी तथा करीब 3400 अन्य घायल हो गए हैं।


स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा,इजराइल के आक्रमण से मरने वालों की संख्या 2,215 तक पहुंच गई है और 8,714 लोग घायल हुए हैं।

गत सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इजराइल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जिससे इजराइल को अगले दिन युद्ध की स्थिति घोषित करने और जवाबी हमले शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा। नौ अक्टूबर को, इज़राइल ने 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया तथा साथ ही पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति में कटौती की। इजराइल ने तनाव बढ़ने के परिणामस्वरूप 1,000 से अधिक लोगों की मौत की सूचना दी है। हमास आंदोलन की सैन्य शाखा ने शनिवार को कहा कि उसने तेल अवीव की ओर रॉकेट दागे। सैन्य विंग ने एक बयान में कहा,अल-कसम ब्रिगेड नागरिकों के निष्कासन और गोलाबारी के जवाब में तेल अवीव पर रॉकेट दाग रहे हैं।

इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने आज कहा कि उसने लेबनान से देश की सीमा के भीतर घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक आतंकवादी समूह को मार गिराया है। आईडीएफ ने कहा, थोड़ी देर पहले सैनिकों ने एक आतंकवादी सेल की पहचान की जिसने लेबनान से इजराइली क्षेत्र में घुसपैठ करने का प्रयास किया था।आईडीएफ यूएवी ने आतंकवादी सेल को निशाना बनाया और कई आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

### हम हमास को तबाह कर देंगे, यह तो सिर्फ शुरुआत है : नेतन्याहू

**येरूशलम/वार्ता।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश हमास को नष्ट कर देगा, चाहे इसमें कितना भी समय लगे और युद्ध को अंजाम तक पहुंचाकर रहेगा।



नेतन्याहू ने शुक्रवार की रात अपने संबोधन में कहा, यह तो बस शुरुआत है। हमारे दुश्मनों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और इसकी शुरुआत हो गयी है। मैं इससे अधिक कुछ नहीं कहूंगा। यह तो बस शुरुआत है।

### लेबनान से इजराइल में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**येरूशलम/वार्ता।** इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि उसने लेबनान से देश की सीमा के भीतर घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक आतंकवादी समूह को मार गिराया है। आईडीएफ ने कहा, थोड़ी देर पहले सैनिकों ने एक आतंकवादी सेल की पहचान की जिसने लेबनान से इजराइली क्षेत्र में घुसपैठ करने का प्रयास किया था। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, आईडीएफ यूएवी ने आतंकवादी सेल को निशाना बनाया और कई आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

### ईरान के विदेश मंत्री ने इजराइल को दी चेतावनी

**बेरूत/एपी।** ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन ने शनिवार को इजराइल से गाजा पर अपने हमले रोकने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि अगर हिजबुल्लाह लड़ाई में शामिल हुआ तो युद्ध मध्य पूर्व के अन्य हिस्सों में फैल सकता है तथा इससे इजराइल को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। अब्दुल्लाहियन ने बेरूत में संवाददाताओं से कहा कि लेबनान का हिजबुल्लाह समूह युद्ध पर नजर बनाए हुए है और इजराइल को जल्द से जल्द गाजा पर अपने हमले बंद करने चाहिए।

इजराइल हिजबुल्लाह को सबसे गंभीर आसन्न खतरा मानता है। अनुमान है कि हिजबुल्लाह के पास लगभग 150,000 रॉकेट और मिसाइलें हैं, जिनमें सटीक-निर्देशित मिसाइलें भी शामिल हैं जो इजराइल में कहीं भी मार कर सकती हैं।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### जय माता दी

श्राद्ध पक्ष अब खत्म हुआ,
लो शुरू हो गए नवराते।
सब करो शक्ति की पूजा नित,
तन-मन से अतुलित हर्षाते।
घट-घट में होवे घट स्थापित,
आनंद हृदय में बरसाते।
गरबा में रम जाएं इतना,
कर कृपा सभी पर तू माते।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आप हमेशा सैद्धांतिक प्रश्न ही लेते हैं। समसामयिक घटनाओं वाले प्रश्न क्यों नहीं लेते आप? जैसे अभी मुंबई आई आई टी में एक मैस में खाने की मेज़ों को लेकर प्रश्न उठा कि शाकाहार करने वालों के लिए कुल सत्रह अठारह मेज़ों में से कम से कम तीन चार मेज़ें तो अलग की ही जा सकतीं हैं बाक़ी सब मांसाहार या सर्वाहार के लिए छोड़ दें । उस पर विवाद हो गया और कोई स्पष्ट संतोषजनक ऐसा समाधान नहीं मिला जिससे दोनों पक्षों का मन प्रसन्न होता। विश्व में भी इज़राइल, यूक्रेन आदि में जो हो रहा है या गर्भस्थ शिशु का जीने का अधिकार प्राथमिक या कई माँ का उसे समाप्त करने का अधिकार प्राथमिक इत्यादि जैसे विषय, यदि ऐसे तात्कालिक प्रसंगों पर आप कुछ कहेंगे तो विद्यार्थी अभिभावक बुद्धिजीवी और कदाचित् नीति निर्माता निर्णायक वर्ग भी लाभान्वित होगा ?

**उत्तर:** मेरा क्षेत्र आध्यात्म का है जहाँ हरेक व्यक्ति का महत्व मेरे लिए परम है। इसलिए सिद्धांत, सत्संग, प्रेम, धर्म सत्य, अहिंसा, सनातन सौंदर्य यही मेरी चेतना में खेलते हैं्। समाज या समुदाय मेरे उद्बोधन का विषय नहीं हैं्। न तो मुझमें वह योग्यता है न पात्रता, न अर्हता न अधिकार कि मैं समाज या समुदाय को कोई शिक्षा दूँ। हाँ एक सामाजिक सामुदायिक व्यक्ति के नाते जो कुछ समसामयिक पारमार्थिक कार्य मुझ से व मेरे सहयोगियों से बन पड़ता है वह हम सब दर्पण फ़ाउंडेशन के माध्यम से करते रहते हैं्। रही बात ऐसे प्रश्न लेने की तो कोई पूछे तो अवश्य लेंगे कोई पूछता ही नहीं वैसे प्रश्न तो उन्हें मैं कैसे लूँ? यदि आई आई टी अधिकारियों, प्राध्यापकों, निर्णायकों को आहार विहार विज्ञान की यथार्थ समझ होती तो यह घटना घटती ही नहीं्। और मेरा इस विषय में तभी संवाद करना उचित होगा जब उनमें से कम से कम एक व्यक्ति आहार विहार का मर्म यथावत समझता हो। अन्यथा मैं संवाद किससे करूँ? क्योंकि जैसा मैंने आरंभ में ही कहा है कि मेरे संवाद का ध्येय मूलत: व्यक्ति की चेतना है क्योंकि मेरी दृष्टि में समुदाय, समाज, देश, रिलीजियस समूह इत्यादि सब के मूल में व्यक्तिगत चैतन्य ही है। व्यक्ति का चरित्र और चैतन्य सौम्य हुआ तो किसी भी समस्या का समाधान तत्क्षण हो जाता है।

# सीतारमण ने मजबूत, कोटा-आधारित, पर्याप्त संसाधन वाले आईएमएफ की वकालत की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को एक मजबूत, कोटा-आधारित और पर्याप्त रूप से संसाधन युक्त आईएमएफ की वकालत की। उन्होंने कहा कि वैश्विक वित्तीय सुरक्षा तंत्र और जलवायु कार्रवाई के मद्देनजर यह सुनिश्चित करना जरूरी है।

कोटा की 16वीं सामान्य समीक्षा (जीआरक्यू) से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को अधिक हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद है।

आईएमएफ के प्रस्ताव के अनुसार 16वीं जीआरक्यू 15 दिसंबर, 2023 तक पूरी होनी चाहिए। कोटा हिस्सेदारी में किसी भी समायोजन के चलते उभरते देशों के वोटिंग अधिकारों में वृद्धि होने की उम्मीद है।

मोरक्को के मराकेश में 'नीतिगत चुनौतियों पर संवाद' विषय पर आईएमएफ संचालक मंडल की बैठक में सीतारमण ने वैश्विक वृद्धि में मंदी के संबंध में चिंता जताई। उन्होंने हालांकि कहा कि भारत 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने बढ़ती वैश्विक ऋण कमजोरियों के संबंध में वैश्विक संप्रभु ऋण गोलमेज सम्मेलन के महत्व पर जोर दिया।

वित्त मंत्रालय ने कहा, 'वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक वित्तीय सुरक्षा तंत्र के केंद्र में एक मजबूत, कोटा-आधारित और पर्याप्त रूप से संसाधन युक्त आईएमएफ के लिए प्रतिबद्धता दोहराई, जिसके केंद्र में वैश्विक वित्तीय सुरक्षा तंत्र और जलवायु कार्रवाई हों।'

मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक समुदाय की समन्वित प्रतिक्रिया वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य - की भावना को बढ़ावा देगी।



# हिमाचल प्रदेश में 30 नवंबर तक सभी के लिए स्वास्थ्य कार्ड : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य में सभी लोगों के लिए उनके संपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी सहित स्वास्थ्य पहचान पत्र बनाने की प्रक्रिया 30 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी।

शुक्रवार को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज के वार्षिक कार्यक्रम 'स्टिमुलस' के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्ड से एक क्लिक पर मरीज की पूरी स्वास्थ्य जानकारी मिल जायेगी । शनिवार को यहां जारी एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधार ला रही है।

उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आपातकालीन चिकित्सा विभाग की स्थापना की जा रही है और जल्द ही सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, चम्याणा और आईजीएमसी शिमला में रोबोटिक सर्जरी शुरू की जाएगी।

उन्होंने अगले साल 15-17 मार्च तक प्रदेश के मनाली में आयोजित होने वाले 'इंडिया पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन' के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का पोस्टर भी जारी किया।

# मराठा समुदाय को 24 अक्टूबर तक कोटा देने की घोषणा करें नहीं तो प्रदर्शन तेज करेंगे : जरांगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जालना/भाषा।** महाराष्ट्र में मराठा समुदाय को आरक्षण देने का मुद्दा केंद्र में लाने वाले कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शनिवार को धमकी दी कि अगर 24 अक्टूबर तक सरकार नौकरियों और शिक्षा में कोटा देने में विफल रहती है तो वह अपना विरोध प्रदर्शन तेज करेंगे।

जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में जुटी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए जरांगे ने कहा, ''24 अक्टूबर के बाद या तो मेरी शव यात्रा निकलेगी या समुदाय की जीत (आरक्षण मिलने के बाद) का जश्न मनेगा।'' जरांगे पहले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग को लेकर गांव में भूख हड़ताल पर थे। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा उनसे मुलाकात करने और उनकी मांग पूरी करने का आश्वासन देने के बाद 14 सितंबर को 17वें दिन अपना अनशन समाप्त कर दिया था। जरांगे (40) ने मराठा समुदाय के लिए आरक्षण लागू करने के वास्ते कदम उठाने के लिए शिंदे सरकार को 40 दिन की समय सीमा दी थी। उन्होंने शनिवार को मांग की कि राज्य भर के मराठा समुदाय को कुनबी जाति का प्रमाण पत्र दिया जाए। कुनबियों को अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ मिलता है। जरांगे ने कहा कि मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में वह 24 अक्टूबर के बाद की अपनी रणनीति बताने के लिए 22 अक्टूबर को समुदाय को संबोधित करेंगे।

# नया गरबा लिखा है, नवरात्र के दौरान साझा करूंगा :प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पिछले कुछ दिनों में एक नया 'गरबा' लिखा है और वह इसे नवरात्र के दौरान लोगों से साझा करेंगे। मोदी ने वर्षों पहले उनके द्वारा लिखे गए एक अन्य गरबा गीत की संगीतमय प्रस्तुति के लिए ध्वनि भानुशाली, तनिष्क बागची और जेजस्ट म्यूजिक की टीम का शुक्रिया अदा किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स (पूर्व में ट्विटर)' पर एक पोस्ट में कहा, ''वर्षों पहले मेरे द्वारा लिखे गये एक गरबा की इस प्यारी संगीतमय प्रस्तुति के लिए ध्वनि भानुशाली, तनिष्क बागची और जेजस्ट म्यूजिक की टीम आपको धन्यवाद! इसने कई यादें ताजा कर दीं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने वर्षों से नहीं लिखा था, लेकिन पिछले कुछ दिनों में एक नया गरबा लिखा है, जिसे मैं नवरात्र के दौरान साझा करूंगा।'' नवरात्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और गरबा एक गुजराती नृत्य है, जो नौ दिनों के इस त्योहार के दौरान आमतौर पर किया जाता है।

मोदी की ओर से यह पोस्ट ध्वनि भानुशाली के एक पोस्ट के जवाब में किया गया है, जिन्होंने 'एक्स' पर संगीतमय प्रस्तुति को साझा किया है। भानुशाली ने पोस्ट में कहा, ''प्रिय नरेन्द्र मोदी जी, तनिष्क बागची और मुझे आपका लिखा गरबा पसंद आया और हम एक नये लय, संगीत और अंदाज के साथ एक गीत तैयार करना चाहते थे। जेजस्ट म्यूजिक ने इस गीत और वीडियो को तैयार करने में हमारी मदद की।'' मोदी ने एक अन्य पोस्ट में उत्तराखंड की अपनी हालिया यात्रा की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा, ''यदि कोई मुझसे पूछे कि आपको उत्तराखंड में एक जगह अवश्य जाना चाहिए, तो वह कौन सी जगह होगी, तो मैं कहूंगा कि आपको राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में पार्वती कुंड और जागेश्वर मंदिर की यात्रा करनी चाहिए। प्राकृतिक सुंदरता और दिव्यता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी।''




# केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने इडुक्की के थोडुपुझा में मसाला पार्क का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इडुक्की (केरल)/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को इस पहाड़ी जिले के थोडुपुझा में एक मसाला पार्क का उद्घाटन किया।

विजयन ने इस अवसर पर कहा कि इससे मसालों और संबद्ध उत्पादों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम द्वारा मुत्तम गांव में स्थापित 15.29 एकड़ के मसाला पार्क का पहला चरण 20 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया। विजयन ने कहा, ''अक्टूबर 2021 में शुरू हुई विकास परियोजनाएं अगस्त 2023 तक समाप्त हो गईं। पहले चरण के हिस्से के रूप में निर्मित सभी औद्योगिक भूखंड निवेशकों को आवंटित कर दिये गये हैं।''

उन्होंने कहा कि पार्क में केएसईबी उपकेंद्र से एक समर्पित फीडर, नालियां, वर्षा जल संचयन सुविधा और एक सुरक्षा चौकी के अलावा एक अपशिष्ट शोधन संयंत्र, प्रशासनिक ब्लॉक और एटीएम कियोस्क प्रदान किये गये हैं।



# पुण्य कार्य से हम असंभव कार्य को भी संभव कर सकते हैं : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि कोई भी सुरक्षा मनुष्य को मौत से नहीं बचा सकती। मौत के आगे सुरक्षा भी फेल हो जाती है। हम अपने जीवन की रक्षा के लिए भले ही कितने सुरक्षा कर्मचारी तैनात कर लें लेकिन वे मौत से नहीं बचा सकते। बाहरी सुरक्षाकर्मी कुछ नहीं कर सकते। हमें वास्तव में यदि मौत से बचना है, तो केवल आपके द्वारा किए गए पुण्य कार्य ही उसे आने से रोक सकते हैं। हमेशा अच्छे कार्यों का श्रेय बड़ों को दें तथा त्रुटियों के लिए स्वयं को जिम्मेदार ठहराएं।

साध्वी शीतलगुणाश्री ने कहा कि धन का अहंकार रखने वाले हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि पैसा कुछ भी हो सकता है, बहुत कुछ हो सकता है, लेकिन सब कुछ नहीं हो सकता। हर आदमी को धन की अहमियत समझना बहुत जरूरी है। अनेक महिलाओं ने साध्वीश्री के दर्शन किए। रविवार को महालक्ष्मी महापूजन का आयोजन मिश्रीमल राणावत परिवार की ओर से किया गया है।

# वैश्विक समुदाय को इजराइल-फलस्तीन मुद्दे का उचित समाधान तलाशना चाहिए : मीरवाइज उमर



**श्रीनगर/भाषा।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शनिवार को वैश्विक समुदाय से अपनी जिम्मेदारी निभाने और इजराइल-फलस्तीन मुद्दे का उचित समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के लोगों को शांति व सम्मान के साथ रहने में सक्षम होना चाहिए। मीरवाइज ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''इस्लामिक जगत के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। जो लोग दर्द को महसूस कर सकते हैं वे (इस मुद्दे पर) चुप्पी देखकर निराश हैं। हम देख रहे हैं कि कैसे बुजुर्गों, बच्चों, महिलाएं और निर्दोषों पर बम बरसाए जा रहे हैं, उनकी हत्याएं हो रही हैं।'' उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि वैश्विक समुदाय इस मुद्दे का ''न्यायसंगत समाधान'' खोजने की अपनी जिम्मेदारी निभाए। फारूक ने कहा, ''(इस मुद्दे पर) एकतरफा निर्णय नहीं हो सकता। फलस्तीन का मुद्दा लंबे समय से लंबित मुद्दा है और इसका उचित समाधान निकाला जाना चाहिए।

# ऑपरेशन अजय : इजराइल से 235 भारतीयों का दूसरा जत्था दिल्ली पहुंचा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** इजराइल से 235 भारतीयों को लेकर आ रहा दूसरा विमान शनिवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा।

सरकार ने गाजा में हमास के आतंकवादियों द्वारा इजरायल के शहरों पर किए गए हमलों के बाद स्वदेश लौटने के इच्छुक लोगों की वापसी के लिए 'ऑपरेशन अजय' शुरू किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शनिवार को कहा कि 235 नागरिकों को लेकर आ रही दूसरी उड़ान राष्ट्रीय राजधानी पहुंच गई है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यात्रियों की तस्वीरें भी साझा कीं।

केरल सरकर के अनुसार, चार्टर्ड विमान एआई 140 में 235 भारतीय थे, जिनमें से 33 केरल के थे।

तेल अवीव से एअर इंडिया द्वारा संचालित पहली उड़ान 200 से अधिक लोगों को लेकर शुक्रवार सुबह दिल्ली पहुंची थी।

विदेश राज्यमंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने हवाई अड्डे पर इजराइल से लौटे भारतीयों का स्वागत किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इजराइल से भारतीयों के दूसरे जत्थे का स्वागत किया। यह जानकर खुशी हुई कि उन्होंने भारत सरकार के त्वरित 'ऑपरेशन विजय' और सुचारू समन्वय के लिए विदेश मंत्रालय की प्रशंसा की है।''

# जम्मू कश्मीर में बेदखली अभियान गैरकानूनी, सत्ता में आए तो रोशनी योजना वापस लाएंगे: गुलाम नबी आजाद



**जम्मू/भाषा।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने शनिवार को कहा कि सरकारी जमीन को वापस लेने का बेदखली अभियान ''गैरकानूनी''था। उन्होंने कहा कि अगर उनकी पार्टी जम्मू कश्मीर में अगले विधानसभा चुनाव में सत्ता में आती है तो वह 'रोशनी योजना' वापस लाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों सहित हर कोई, जिसने इस योजना का इस्तेमाल जमीन के बड़े हिस्से को हड़पने के लिए किया, उसे कानून का सामना करना पड़ेगा। एक नवंबर, 2020 को केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने जम्मू कश्मीर सरकारी भूमि (कब्जेदारों को स्वामित्व प्रदान करना) अधिनियम, 2001 (जिसे रोशनी अधिनियम के रूप में भी जाना जाता है) के तहत हुए सभी भूमि हस्तांतरण रद्द कर दिए। इसके तहत 2.5 लाख एकड़ भूमि मौजूदा हितग्राहियों को हस्तांतरित की जानी थी।

# 'सरस्वती कृपापात्र व्यक्ति हर तरह से समृद्धि के शिखर को छूता है'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि सुखद संयोग है कि आसोज मास के शुक्ल पक्ष के प्रारंभिक दिन से ही यह साधना प्रारंभ हो रही है। अनेकों साधकों ने माँ सरस्वती से ही के क्षेत्र में विशेष लाभान्वित हुए हैं। अरिहंत तीर्थंकर की कृपा ज्ञान जीभ से माँ सरस्वती शब्द रूप से प्रवाहित हुई है और गणधरों की जीभ पर मां सरस्वती नृत्य करती है इस दृष्टि से प्रत्येक जीव के साथ ज्ञान कभी भी ओझल नहीं हुआ। सद्ज्ञान के रहते जीव समस्त लोक हितैषी कार्य करता है, जिन में स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा तक, आहार से लेकर पानी तक, उद्योग से लेकर व्यापार तक जीव सुखी और स्वस्थ और सुरक्षित महसूस कर सकें। सरस्वती कृपापात्र व्यक्ति हर तरह से समृद्धि के शिखर को छूता है। साधक के जीवन में इस तरह सरस्वती मंत्र साधना का प्रभाव प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से अनुभूत किया जा सकता है। सरस्वती मंत्र जाप साधना का संपूर्ण लाभ महेन्द्रकुमार सुकनराज गाँधी परिवार ने लिया है।

# तेलंगाना में युवती ने की आत्महत्या, कांग्रेस व भाजपा ने बीआरएस सरकार पर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही 23 वर्ष की एक युवती ने यहां अशोक नगर स्थित अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने इलाके में प्रदर्शन किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार रात युवती की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में छात्र इलाके में एकत्रित हो गए और विरोध-प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को युवती का शव अस्पताल ले जाने से भी रोकने की कोशिश की। टेलीविजन पर प्रसारित दृश्यों में पुलिस भीड़ को तितर-बितर करते नजर आई। हालांकि, पुलिस ने लाठीचार्ज करने से इनकार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि जो सुसाइड नोट बरामद हुआ है, उसमें युवती ने अपने माता-पिता से उनके लिए कुछ भी करने में असमर्थ होने के लिए माफी मांगी है।

उन्होंने बताया कि छात्रावास में पीड़िता की दोस्तों ने कहा कि उसने यह कदम निजी कारणों से उठाया। पुलिस के अनुसार, वारंगल की रहने वाली युवती ने व्यक्तिगत कारणों से शुक्रवार रात को छात्रावास के अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि युवती कोई भी नौकरी नहीं मिल पाने और हाल ही में तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा समूह 2 सेवा परीक्षा स्थगित किए जाने की वजह से निराश थी।

विपक्षी दलों ने युवती की मौत के लिए मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद के लक्ष्मण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर दावा किया कि उन्होंने युवती के सुसाइड नोट को सार्वजनिक करने की मांग की, लेकिन उन्हें 'गिरफ्तार' कर लिया गया।

लक्ष्मण ने कहा, ''युवती कई महीनों से बड़ी लगन से सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। लेकिन बीआरएस सरकार द्वारा परीक्षाएं बार-बार रद्द और स्थगित किए जाने के कारण उसने यह कदम उठाया।'' भाजपा सांसद ने युवती के साथ ही राज्य सरकार की लापरवाही से प्रभावित अन्य लोगों के लिए भी न्याय की मांग की।

# 7,000 किलोमीटर एक्सप्रेसवे की योजना में पीएम गतिशक्ति की प्रमुख भूमिका

**नई दिल्ली/भाषा।** पीएम गतिशक्ति पहल ने लगभग 7,000 किलोमीटर एक्सप्रेसवे की योजना बनाने में मुख्य भूमिका निभाई है। एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि पिछले दो वर्षों में इस पहल के तहत जीआईएस मानचित्रों के माध्यम से सर्वेक्षण में तेजी लाई जा रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि नई रेलवे लाइन के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) में तेजी आई है। इसके अंतर्गत 2022-23 में लगभग 400 परियोजनाओं का एफएलएस हुआ, जबकि पिछले वर्ष में यह संख्या मात्र 57 थी। अधिकारी ने कहा कि इस मंच ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए विस्तृत सर्वेक्षण में भी मदद की है। इसके माध्यम से यह प्रक्रिया छह-नौ महीने से घटकर सिर्फ कुछ घंटों की हो गई है।

# बढ़ता ई-कचरा विनिर्माताओं के लिए अवसर: प्रौद्योगिकी उत्पाद उद्योग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रौद्योगिकी उत्पाद उद्योग का कहना है कि बढ़ता ई-कचरा विनिर्माताओं के लिए एक अवसर है। ई-कचरा ऐसा इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद है, जिसकी अब जरूरत नहीं है, जो काम नहीं कर रहा है या उपयोगकर्ता के लिए उसकी जरूरत समाप्त होने के करीब है। इनमें तार से लेकर बड़े उपकरण तक शामिल हैं।

डेल टेक्नोलॉजीज के अनुभव नवाचार समूह के वरिष्ठ विशिष्ट इंजीनियर निक एबेटिएलो ने कहा, जहां ई-कचरा एक बढ़ता हुआ पर्यावरणीय मुद्दा है, वहीं यह विनिर्माताओं, ग्राहकों और आम जनता के लिए एक साथ आने और इस मुद्दे को हल करने का एक अवसर है। डेल में हम पुनर्चक्रण की रणनीति को अपनाते हैं... अनुपयोगी प्रौद्योगिकियों के चुनिंदा पदार्थों का इस्तेमाल पुनर्चक्रण करके नए उत्पाद तैयार करने के लिए किया जाता है।'

दुनिया के विभिन्न हिस्से पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपना रहे हैं। इसके साथ ही कंपनियां भी एक चक्रीय अर्थव्यवस्था की जरूरत को समझ रही हैं, जहां एक बेकार उत्पाद को किसी दूसरे उपयोगी उत्पाद में बदला जाता है। पर्सनल कंप्यूटर, स्मार्टफोन, टेलीविज़न और पहनने योग्य उपकरणों की एक अन्य विनिर्माता लेनोवो अपनी 'लेनोवो एसेट रिकवरी सर्विसेज' के जरिए आईटी परिसंपत्तियों और डेटा सेंटर बुनियादी ढांचे का प्रबंधन करती है। लेनोवो इंडिया के निदेशक (समाधान और सेवा समूह) रोहित मिधा ने कहा कि सही सेवा प्रदाता चुनते समय इस बात का भी ध्यान रखा जाता है कि ई-कचरा कम से कम हो। जो उपकरण निपटान की प्रौद्योगिकियों को समझता हो और पुनर्चक्रण के विकल्प मुहैया कराए।

# प्रियंका गांधी ने महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू करने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को लोकसभा और विधानसभाओं की एक तिहाई सीटों के लिए महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू करने की मांग की और कहा कि महिलाओं के पास अब बर्बाद करने के लिए समय नहीं है। प्रियंका यहां द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) द्वारा आयोजित महिला अधिकार सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, आज सशक्तिकरण की बहुत चर्चा हो रही है क्योंकि हर राजनीतिक दल को यह एहसास होने लगा है कि महिलाएं एक मजबूत सामूहिक शक्ति बन सकती हैं जो हमारे देश के भविष्य को आकार देती है।



उन्होंने कहा, 'लेकिन वे अभी भी हमारी ओर लालच की नजर से देखते हैं, वोट के लालच में...।' प्रियंका ने कहा, मेरी बहनों, आपकी ओर से मैं मांग करती हूं कि महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू किया जाए। हम, भारत की महिलाओं के पास बर्बाद करने के लिए और समय नहीं है। राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल किया जाना हमारा अधिकार है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के काम को महत्व और सम्मान दिया जाना चाहिए। प्रियंका ने ऐसी किसी भी व्यवस्था- सामाजिक, धार्मिक या राजनीतिक-को खारिज करने की मांग की जो हमारे उत्पीड़न पर पनपती है और हमें उसके साथ मिलीभगत करने के लिए मजबूर करती है।

संसद ने पिछले महीने महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था, जिसमें महिलाओं के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें आरक्षित की गईं थीं।

## द्रमुक की महिला अधिकार बैठक के लिए इंडिया गठबंधन की महिला नेता चेन्नई में एकत्र हुईं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारत गठबंधन की प्रमुख महिला राजनेता 14 अक्टूबर को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) द्वारा आयोजित 'महिला अधिकार सम्मेलन' के लिए तमिलनाडु के चेन्नई में एकत्रित होंगी। यह सम्मेलन डीएमके संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि की जन्मशती का प्रतीक है। इसमें कांग्रेस नेता सोनिया गांधी शामिल होंगी, जो कुछ वर्षों के अंतराल के बाद चेन्नई पहुंची हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री एमके स्टालिन करेंगे और अध्यक्षता डीएमके के उप महासचिव और सांसद कनिमोझी करुणानिधि करेंगी।

अन्य प्रमुख महिला नेताओं में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता महबूबा मुफ्ती और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले शामिल हैं। गांधी परिवार और महबूबा मुफ्ती शुक्रवार, 13 अक्टूबर को चेन्नई पहुंचे। इस बैठक में पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल हुईं। इसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष के.एस अलागिरी एवं विधानसभा में पार्टी के नेता के. सेल्वपेरुंथयी भी बैठक में शामिल हुए। पार्टी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चेन्नई में मिलीं। पार्टी ने सोशल मीडिया पर इस बैठक की तस्वीरें भी साझा की है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि श्रीमती गांधी और श्रीमती वाड्रा को इस दौरान लोकसभा चुनावों की तैयारी के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने बुथ रणनीति तथा द्रमुक के साथ सीट शेयरिंग के मुद्दे पर भी चर्चा की। इससे पहले पुड्डुचेरी के पार्टी नेताओं ने श्रीमती गांधी से मुलाकात की और उनके साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की।



## 'महालया अमावस्या' पर तमिलनाडु में हिंदुओं ने पूर्वजों का तर्पणम किया


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रामेश्वरम।** 'महालया अमावस्या' के अवसर पर शनिवार को तमिलनाडु में विभिन्न पवित्र घाटों और नदियों पर लाखों धर्मनिष्ठ हिंदुओं ने अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की और 'तर्पणम' किया।

तमिल महीने 'पुरत्तासी' में पड़ने वाली 'महालया अमावस्या' को पूर्वजों के लिए तर्पण करने के लिए अत्यधिक शुभ दिन माना जाता है। तर्पणम अनुष्ठान के हिस्से के रूप में पके हुए चावल, फल, सब्जियां और काले तिल दिवंगत आत्माओं को चढ़ाए गए। 'महालया अमावस्या' पवित्र द्वीप रामेश्वरम में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से तीन लाख से अधिक लोग अग्नि तीर्थ 'कदरकराई' (समुद्र तट) पहुंचे और दिवंगत आत्माओं को शांति दी। यहां प्रसिद्ध श्री रामनाथ स्वामी मंदिर में विशेष पूजा की गई। भगवान शिव, भगवान राम और देवी सीता की मूर्तियों को एक पारंपरिक जुलूस में मंदिर से समुद्र तक ले जाया गया, जहां देवताओं के लिए विशेष अनुष्ठान किए गए।

हजारों की संख्या में लोग श्रीरंगम में धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण अम्मामंडपम स्नान घाटों पर कावेरी नदी के तट पर एकत्र हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी तरह हजारों लोग कन्याकुमारी में प्रसिद्ध 'त्रिवेणी संगमम' (बंगाल की खाड़ी, अरब सागर और हिंद महासागर का संगम), मदुरै और तिरुनेलवेली जिलों में वैगई और तमिरापरानी नदी के तट, नागपट्टिनम में पूमपुहार समुद्र तट पर एकत्र हुए। जिले दानुशकोडी, सेतुकराई, देवीपट्टिनम, रामनाथपुरम जिले के मुहुनथारायर्चत्रम और अन्य जगहों पर सुबह से ही पितृ पूजा आयोजित की गई।

## करोड़ों रुपए बरामद होने पर भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला



**बेंगलूरु/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आयकर विभाग के तलाशी अभियान के दौरान कर्नाटक के एक ठेकेदार से कथित तौर पर 42 करोड़ रुपये नकद बरामद होने के बाद इसका संबंध कांग्रेस से होने का दावा करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार कांग्रेस के 'डीएनए' में अंतर्निहित है। यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, हमें एक ठेकेदार अंबिकापति का नाम याद रखना चाहिए, जिन्होंने कांग्रेस की ओर से पिछले साल जुलाई-अगस्त में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कर्नाटक में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार को 40 प्रतिशत कमीशन सरकार करार दिया था।

चन्द्रशेखर ने कहा, 'अंबिकापति के घर से 42 करोड़ रुपये नकद बरामद किये गये हैं।' भाजपा नेता ने दावा किया, कांग्रेस की ओर से काम कर रहे अंबिकापति और उनके ठेकेदारों के समूह ने राज्य में लोगों को गुमराह करते हुए भाजपा के खिलाफ भ्रष्टाचार की झूठी कहानी प्रचारित की थी।' उन्होंने कहा कि यह अंबिकापति ही थे जिन्होंने पिछले साल जुलाई-अगस्त में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य विधानसभा चुनावों से पहले कर्नाटक की तत्कालीन भाजपा सरकार को '40 प्रतिशत कमीशन सरकार' करार दिया था।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया, 'यह स्पष्ट है कि यह एक बड़ा नाटक था जो उन्होंने (कांग्रेस) रचा था और इसके पीछे एक ही उद्देश्य था – भ्रष्टाचार।' उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से, कर्नाटक में मतदाता इस कहानी से गुमराह हो गए और कांग्रेस ने सत्ता हासिल कर ली।' भाजपा नेता का आरोप आयकर विभाग द्वारा कर्नाटक के कुछ ठेकेदारों और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कथित कर चोरी के मामले में शुरू किए गए तलाशी अभियान में शुक्रवार को बेंगलूरु में एक आवासीय परिसर में छिपाकर रखी गई 42 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद करने के एक दिन बाद आया है। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले तलाशी से कर्नाटक की सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया, कांग्रेस फर्जी गारंटी, झूठ और भ्रष्टाचार में विश्वास करती है। भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में अंतर्निहित है।

## 14वां एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल व्याख्यान




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के सहयोग से एचएएल प्रबंधन अकादमी में एयर फोर्स एसोसिएशन (कर्नाटक शाखा) द्वारा 14वें एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया गया था।

इस कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और सचिव डीएमए जनरल अनिल चौहान मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।


अपने मुख्य भाषण में, सीडीएस ने 'रक्षा बलों में परिवर्तन की अपरिहार्यता' पर प्रकाश डाला और 14वें वार्षिक कात्रे मेमोरियल व्याख्यान की स्मृति में एक स्मारिका जारी की। इस कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना, डीआरडीओ, एचएएल और निजी क्षेत्र के सदस्यों से बड़ी संख्या में पेशेवर शामिल हुए।

एयर मार्शल एचबी राजाराम (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष एयर फोर्स एसोसिएशन (एएफए) ने वार्षिक कात्रे मेमोरियल व्याख्यान की उत्पत्ति के बारे में बताया और 42 वर्षों से अधिक के अपने विशिष्ट करियर के दौरान भारत में विमानन के विकास में आईएएफ और एचएएल में दिवंगत वायु सेना प्रमुख के अपार योगदान पर बात की।

## सीएसके के सेंटनेर, कॉनवे ने चेपॉक की पिच के बारे में जानकारी दी : हरफनमौला डेरिल मिशेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच में शानदार प्रदर्शन कर के टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के हरफनमौला डेरिल मिशेल ने कहा कि चेपॉक मैदान की पिच के बारे में अंदरूनी जानकारी देने के लिए मिशेल सेंटनेर और डेवोन कॉनवे को भी श्रेय मिलना चाहिये। सेंटनेर और कॉनवे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलते हैं। न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को बांग्लादेश को आठ विकेट से हरा कर टूर्नामेंट में तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की।



इस मैदान पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच के दौरान पिच से स्पिनरों की काफी मदद मिली थी लेकिन न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश मैच में पिच से उछाल मिलने के कारण तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिली। मिशेल ने मैच के बाद कहा, हर पिच अलग होती है और उसकी अपनी चुनौतियां होती हैं और यह कम समय में परिस्थितियों से तालमेल बिठाने और मैच के छोटे-छोटे पल जीतने की कोशिश करते रहने के बारे में है।'' उन्होंने कहा, जिस तरह से हमारे गेंदबाजों ने पिच के मुताबिक खुद को ढाला और प्रतिद्वंद्वी के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश करते रहे, वह शानदार रहा। हम बल्ले के साथ भी इसी तरह की स्थिति में थे।''

उन्होंने कहा, निश्चित रूप से इसमें थोड़ा उछाल था। चेन्नई (सुपर किंग्स) के कुछ खिलाड़ियों (सेंटनेर और कॉनवे) ने हमें थोड़ी अंदरूनी जानकारी दी। यह वास्तव में अच्छा था।'' मिशेल ने इस मैच में नाबाद 89 रन बनाने के अलावा कप्तान केन विलियमसन के साथ तीसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी करके न्यूजीलैंड को आसान जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

## सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ खुद को आंकने के मौके से रोमांचित हैं, कहा बांग्लादेश के सहायक कोच ने



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** बांग्लादेश के सहायक कोच निक पोथास ने भारत को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम करार देते हुए कहा कि विश्व कप में मेजबान के खिलाफ उनकी टीम को खुद को आंकने का मौका मिलेगा। बांग्लादेश शुरूआती तीन में से दो मैच हार चुका है। अब उसे बृहस्पतिवार को पुणे में भारत के खिलाफ खेलना है। पोथास ने न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'कहां से शुरूआत करूं। वे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है और अपने देश में खेल रहे हैं। सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खुद को आंकने का मौका मिलने से हम रोमांचित हैं। उन्होंने कहा , हमारे पास लंबा ब्रेक है। इससे खिलाड़ियों को मानसिक और शारीरिक विश्राम मिल जायेगा और भारत के खिलाफ पूरी तैयारी से उतरेंगे।'

## ईपीएस ने वेल्लोर जेल में मुस्लिम कैदियों के लिए प्रार्थना सुविधाओं की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक महासचिव और तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता, एडप्पादी के पलानीस्वामी (ईपीएस) ने मांग की है कि राज्य की द्रमुक सरकार वेल्लोर जेल के मुस्लिम कैदियों को प्रार्थना की सुविधा प्रदान करे।

ईपीएस ने शनिवार को एक बयान में कहा कि मुस्लिम कैदियों को उनके धार्मिक कर्तव्यों को पूरा करने के अधिकार से वंचित करना निंदनीय है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जेलें सिर्फ कैदियों को सजा देने के लिए नहीं हैं बल्कि वे ऐसी जगहें भी हैं जहां कैदियों को बेहतर जीवन के लिए मार्गदर्शन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पहले कैदियों को अपने धर्म के अनुसार पूजा करने की इजाजत थी लेकिन हाल ही में इसमें कटौती कर दी गई है। अन्नाद्रमुक नेता ने कहा कि वेल्लोर जेल में विभिन्न धर्मों के लिए स्थान आवंटित हैं जहां कैदी प्रार्थना कर सकते हैं और त्योहार के समय धार्मिक नेता जेल पहुंचते हैं और अनुष्ठान करते हैं।

## भाजपा और जद (एस) नेता आयकर विभाग के प्रतिनिधियों की तरह व्यवहार क्यों कर रहे हैं : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने बेंगलूरु के एक ठेकेदार की संपत्ति की तलाशी के दौरान आयकर (आईटी) अधिकारियों द्वारा बरामद की गई भारी मात्रा में धनराशि को कर्नाटक की कांग्रेस सरकार और उसके नेताओं से जोड़ने को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा और सवाल किया कि जनता दल (एस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता इस मामले में विभाग के प्रतिनिधियों की तरह व्यवहार क्यों कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आयकर विभाग ने अब तक तलाशी, उसके परिणाम और बरामद की गई सामग्री के संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

शिवकुमार ने एक सवाल के जवाब में कहा, वे (भाजपा-जद (एस) नेता) जो चाहें बोल रहे हैं। आयकर विभाग को (छापेमारी पर) आधिकारिक बयान देने दीजिए, उसके बाद बोलेंगे। कुमारस्वामी (जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी) या भाजपा नेता आयकर विभाग के प्रतिनिधि नहीं हैं, लेकिन वे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे वे विभाग के प्रतिनिधि हों। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें राज्य में और आयकर छापे की उम्मीद है, तो उन्होंने कहा, मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा, आयकर विभाग के पास जो जानकारी है, उसे जारी करने दीजिए और बाद में इस पर बात करते हैं।



आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, आईटी अधिकारियों ने कुछ ठेकेदारों की संपत्ति की तलाशी ली है और कथित तौर पर शहर के एक ठेकेदार की संपत्ति में कई बक्सों में छिपाकर रखा गया भारी मात्रा में नकदी बरामद की है। कई भाजपा नेताओं और जद (एस) के कुमारस्वामी ने भी कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि आयकर अधिकारियों द्वारा बरामद किया गया धन वास्तव में ठेकेदारों से उनके लंबित बिल को मंजूरी देने के बदले में कमीशन के रूप में एकत्र किया गया था, ताकि पांच राज्यों में आगामी चुनावों को वित्तपोषित किया जा सके।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आर. अशोक ने शनिवार को कहा कि भाजपा तलाशी के दौरान बरामद धन की सच्चाई जानने के लिए सीबीआई की जांच की मांग करती है। उन्होंने कहा कि एक ठेकेदार जिसकी पत्नी पहले कांग्रेस पार्षद थी, उनके घर से 42 करोड़ रुपये से अधिक नकदी बरामद की गई है। यह दर्शाता है कि यह सरकार कैसे काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बात पर संदेह है कि ठेकेदार को इतना पैसा कैसे मिला, जबकि उन्हें पिछले कुछ वर्षों से कोई ठेका नहीं मिला था और न ही कभी उन्हें बड़े ठेके मिले थे।

## अंबुमणि ने रेत माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** रेत तस्करों द्वारा एक ग्राम प्रशासनिक अधिकारी (वीएओ) और तस्करी रोकने वाले उनके सहायक की हत्या के प्रयास पर दुख व्यक्त करते हुए पीएमके अध्यक्ष अंबुमणि रामदास ने सरकार से आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

अपने बयान में, अंबुमणि ने कहा कि पलानी के पास अयाकुडी में अवैध रेत खनन को रोकने की कोशिश करते समय वीएओ करुप्पासामी, उनके सहायक मगुदीस्वरन और दो पुलिसकर्मियों पर रेत फेंककर और उनके खिलाफ लॉरी चढ़ाकर हमला किया गया। पुलिस ने द्रमुक पदाधिकारी शक्तिवेल और भास्करन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लेकिन अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका है. उन्होंने कहा, 'यह निंदनीय है।'

उन्होंने कहा कि राज्य में रेत चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और चोरी रोकने की कोशिश करने वाले अधिकारियों की हत्या के प्रयास भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि थूथुकुडी जिले के मुरप्पानाडु में रेत चोरी के खिलाफ कार्रवाई करने पर एक वीएओ की हत्या कर दी गई और सेलम में एक वीएओ का हंसिए से पीछा किया गया। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह ऐसी घटनाओं पर सिर्फ दर्शक बनकर न रहे।

## केन विलियमसन के अंगूठे में फ्रैक्चर, विश्व कप के अगले तीन मैचों से बाहर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** लंबे समय बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने वाले केन विलियमसन के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया है और वह के विश्व कप में न्यूजीलैंड के अगले तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे, जिनमें भारत के खिलाफ होने वाला मैच भी शामिल है। विलियमसन शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान रन लेते समय चोटिल हो गए थे। मार्च में इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान घुटना चोटिल होने के बाद विलियमसन का यह पहला अंतरराष्ट्रीय मैच था। वह %8 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे।

लेकिन लगता है कि भाग्य विलियमसन का साथ नहीं दे रहा है क्योंकि वह 18 अक्टूबर को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच के अलावा 22 अक्टूबर को भारत के खिलाफ धर्मशाला और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 28 अक्टूबर को पुणे में होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे।

अगर वह अंगूठे की चोट से उबर जाते हैं तो नवंबर में होने वाले लीग चरण के अंतिम तीन मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, एक्स-रे से यह पुष्टि हुई है कि विलियमसन के बाएं हाथ के अंगूठे में फ्रैक्चर है।

चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार को खेले गए मैच के दौरान रन लेते समय थ्रो उनके अंगूठे पर लग गया था।'' इसमें कहा गया है,विलियमसन न्यूजीलैंड की विश्व कप की टीम में बने रहेंगे ताकि वह लीग चरण के अगले महीने होने वाले मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध रहें।''




टॉम ब्लंडेल उनके विकल्प के रूप में भारत दौरे पर आएंगे लेकिन वह टीम का आधिकारिक हिस्सा नहीं होंगे। इस बीच न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने उम्मीद जताई कि विलियमसन टूर्नामेंट के आखिरी चरण में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा,हम सभी को विलियमसन को लेकर बुरा लग रहा है। यह हम सभी के लिए निराशाजनक खबर है। वह विश्राम और रिहैबिलिटेशन के बाद लीग चरण के आखिरी मैचों में खेल सकता है। वह हमारी टीम का अहम हिस्सा तथा विश्व स्तरीय खिलाड़ी और कप्तान है। इसलिए हम उन्हें टूर्नामेंट में वापसी के लिए हर संभव अवसर प्रदान करेंगे।''

संबोधन



बीकानेर जिले की कोलायत विधानसभा क्षेत्र के गिरिराजसर गांव में शनिवार को भाजपा नेता देवीसिंह भाटी ने मतदाता सम्मेलन को संबोधित किया।



# किरोड़ी का हंगामा, सबूत नहीं मिलने पर लौटी ईडी की टीम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा के आरोपों के बाद गणपति प्लाजा में लॉकर्स की जांच करने पहुंची ईडी की टीम सबूत नहीं मिलने पर लौट गई। असमंजस अब भी बना हुआ है क्योंकि इन्कम टैक्स अधिकारी अब भी वहां मौजूद है। खास बात यह है कि इनकम टैक्स के अधिकारियों ने 100 से अधिक लॉकर धारकों को चाबी लेकर बुलाया था, लेकिन वे अब तक नहीं आए हैं। दरअसल किरोड़ीलाल मीणा ने आरोप लगाया था कि डीओआईटी के जीजीएम सीपी सिंह के यहां पांच लॉकर्स हैं, जिनमें भ्रष्टाचार के करोड़ों रुपए छिपाकर रखे गए हैं। ईडी की टीम जीजीएम सीपी सिंह के सी स्कीम स्थित मकान पहुंची थी। ताला लगा था, नौकर ने फोन पर मालिक से बात करवाई। टीम ने घर पर कुछ देर सर्च भी किया, लेकिन बाद में निकल गए। सीपी सिंह ने मीडिया को फोन पर बताया कि ईडी अधिकारियों से उनकी फोन पर बात हुई थी। उन्होंने गणपति प्लाजा में ईडी अधिकारियों के पास चाबी भिजवा दी थी। उन्होंने बताया कि 3 सालों से उन्होंने इस लॉकर को यूज नहीं किया है। इसकी जानकारी लॉकर संचालकों के पास है।

# प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस के कुछ विधायकों के विरोध के बीच पार्टी की राज्य चुनाव समिति ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों को लेकर चर्चा की। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता वाली समिति ने एक सूची में संभावित नामों के साथ टिप्पणियां भी दर्ज की, जिसे दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में पेश किया जाएगा।

कांग्रेस पार्टी के 'वॉर रूम' में शुक्रवार शाम हुई बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक के दौरान विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के पार्टी कार्यकर्ताओं के कई समूहों ने मौजूदा पार्टी विधायकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और पार्टी से विधायकों को टिकट नहीं देने की मांग की। बैठक समाप्त होने के बाद डोटासरा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा, सभी कांग्रेस कार्यकर्ता लंबे समय से अपनी बात कहते रहे हैं। अगर कोई अपने विचार व्यक्त करता है, तो हम उसकी बात सुनेंगे और जो भी उचित होगा उसे स्क्रीनिंग कमेटी को बताया जाएगा। गहलोत ने कहा कि चुनाव के समय किसी सांसद या विधायक के खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणी होना असामान्य बात नहीं है। उन्होंने कहा, इसमें सच्चाई भी हो सकती है और षड्यंत्र भी हो सकता है। यह चलता रहता है और अंततः पार्टी आलाकमान उचित निर्णय लेगा और जीतने योग्य उम्मीदवार को टिकट दिया जाएगा तथा यह हम सभी को स्वीकार होगा।

गहलोत ने कहा कि पार्टी में सब चीजें ठीक चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पूर्वी राजस्थान के बारां जिले से चुनाव अभियान शुरू करेगी जहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 16 अक्टूबर को एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी 20 अक्टूबर को दौसा के सिकराय में रैली को संबोधित करेंगी।

गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार केंद्र सरकार से पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग कर रही है लेकिन केंद्र ने इस पर ध्यान नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी पूर्वी राजस्थान के जिलों में बैठकों के जरिए इस मुद्दे पर नरेन्द्र मोदी नीत केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बेनकाब करेगी। बैठक शुरू होने से कुछ देर पहले कामां, सवाई माधोपुर, किशनपोल और सरदारशहर विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी कार्यकर्ता 'वॉर रूम' के पास पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मौजूदा विधायकों के खिलाफ नारे लगाए और मांग की कि उन्हें टिकट नहीं दिया जाना चाहिए। जाहिदा खान कामां निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हैं, जबकि दानिश अबरार सवाई माधोपुर से, अमीन कागजी किशनपोल (जयपुर) से और अनिल शर्मा सरदारशहर (चूरू) से विधायक हैं।



## जेजेपी का मिशन राजस्थान

# नोहर से मेगा रोड शो के साथ चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

श्रीगंगानगर। अगले महीने नवंबर में होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर जननायक जनता पार्टी ने तैयारियों तेज कर दी है। जेजेपी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की कर्मभूमि नोहर से चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। शुक्रवार को हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने नोहर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर क्षेत्र में मेगा रोड शो करके जनसंपर्क किया। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला की देखरेख में राजस्थान जेजेपी द्वारा हो रहे जन संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के दौरान जगह-जगह पर स्थानीय लोगों द्वारा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी राजस्थान में बदलाव लाना चाहती है क्योंकि आज सभी वर्ग राजस्थान की मौजूदा कांग्रेस सरकार से बहुत परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने विकास कार्य न करवाकर केवल प्रदेश को बर्बाद करने का काम किया है।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस राज में यहां अपराध, पेपर लीक, बेरोजगारी, अवैध माइनिंग के मामले तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार जात-पात के नाम पर जहर फैलाने वाले व्यक्ति को रातों-रात राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन का सदस्य बना देती है, ये सब जनता देखती है। डिप्टी सीएम ने कहाकि इन सब हालातों को देखते हुए राजस्थान की जनता यहां बदलाव चाहती है और जनता चुनाव में वोट की चोट के साथ कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बदलाव लाने के लिए जेजेपी कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान के साथ उनका लगाव बेहद पुराना है। उन्होंने कहा कि नोहर और दातारामगढ़ से विधायक रह चुके जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने सीकर रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं को चाबी का निशान होगा, मुख्यमंत्री किसान होगा का संकल्प दिया था और हम सब मिलकर मजबूती के साथ इस संकल्प को पूरा करने के लिए जुटे हुए है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी राजस्थान में 25 से 30 विधानसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है और मजबूत उम्मीदवारों को मैदान में उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि नवरात्रे में जेजेपी अपने उम्मीदवारों की प्रथम सूची जारी कर देगी।

इस दौरान जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि राजस्थान में जेजेपी और दुष्यंत चौटाला को अभूतपूर्व स्नेह समर्थन मिल रहा है और यह बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जेजेपी देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक चौ देवीलाल की विचारधारा पर चलने वाले लोगों को एकजुट करके मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है।

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हमारा प्रयास है कि राजस्थान विधानसभा का ताला जेजेपी की चाबी से खोलकर गरीब, किसान, कमेरे, युवा, महिला वर्ग के हित में बड़े बदलाव लेकर आएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की तर्ज पर राजस्थान में विकास करवाना जेजेपी का मकसद है। शुक्रवार को जेजेपी ने जन संकल्प यात्रा के रूप में इस मेगा रोड शो की फेफाना गांव से शुरुआत की।

# अलवर में जेल प्रहरी 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अलवर जेल प्रहरी हेड कांस्टेबल रामावतर शर्मा को आज 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के एएसपी पीयूष दीक्षित ने बताया कि जयपुर निवासी मनोज सैनी ने शिकायत दी कि उसका मित्र बहरोड़ निवासी सुरेश यादव अलवर जेल में बंद है और उसे परेशान नहीं करने की एवज में मुख्य जेल प्रहरी हेड कांस्टेबल रामावतार शर्मा 70 हजार रूपए की मांग कर रहे हैं। ब्यूरो टीम ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद आज मुख्य जेल प्रहरी रामावतार शर्मा जेल स्थित क्वार्टर में ही 20000 की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए गए। बाकी राशि फोनपे पर डलवाने की भी बात सामने आई है।

# प्रतापगढ़ में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में शनिवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, लांबा डाबरा गांव के लोग शनिवार तड़के मंदिर में मत्था टेकने के लिए निकले थे, तभी प्रतापगढ़-बांसवाड़ा राजमार्ग पर कचोटियां गांव के पास तड़के साढ़े चार बजे उनकी बस सड़क पर खराब हालत में खड़े एक ट्रक से जा टकराई। सुहागपुरा के थानाधिकारी इंद्रजीत ने बताया कि हादसे में घायल लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चार की मौत हो गई। वहीं, 20 अन्य घायल उपचाराधीन हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसे की जांच की जा रही है।

मुलाकात



जयपुर में शनिवार को विद्याधर नगर के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।

# राजस्थान के कई इलाकों में हल्की बारिश का अनुमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मौसम विभाग ने एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से आगामी 24 घंटे में राजस्थान के कई इलाकों में हल्की बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। जयपुर के मौसम केंद्र के अनुसार एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 15 अक्टूबर को जैसलमेर, बीकानेर, फलोदी, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू एवं आसपास के क्षेत्रों तथा पूर्वी राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र और जयपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। केंद्र का कहना है कि 16 अक्टूबर को जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर एवं कोटा संभागों के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। उसने कहा कि इसी तरह जोधपुर, बीकानेर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अचानक तेज हवाएं भी चलने की संभावना है। केंद्र के अनुसार मेघगर्जन एवं बारिश की गतिविधियां 17 अक्टूबर को भी राज्य के कुछ भागों में जारी रह सकती हैं।

# बैंक से पौने चार लाख रूपए की लूट के आरोपी गिरफ्तार

अजमेर। राजस्थान में अजमेर जिले के किशनगढ़ की मदनगंज थाना क्षेत्र में गत दिनों हथियार की नौंक एवं डायनामाइट की धमकी से बैंक को उड़ाने की बात कहकर करीब पौने चार लाख रुपये लूटने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने आज पत्रकारों को बताया कि मदनगंज-किशनगढ़ के खोड़ा गणेश मार्ग पर स्थित इण्डियन बैंक में पिस्टल की नौंक तथा डायनामाइट से बैंक को उड़ाने की धमकी के बाद कैशियर से 3 लाख 76 हजार 130 रूपये लूट ले गये। लूट की दिनदहाड़े हुई वारदात को चुनौती के रूप में स्वीकार करते पुलिस ने 800 सीसीटीवी फुटेज कैमरे खंगालने के बाद लूटेरों तक पहुंचने में सफल हुई। लूट के आरोपी कर्ज में डूबे थे, इनमें एक डाक्टर है जिसने पाली में नीजि अस्पताल खोल रखा है तथा दूसरा मैकेनिक इंजीनियर है। दोनों ही कर्ज में डूबे बाद लूट की योजना बना बैठे। जिसमें डाक्टर ने खिलौनेनुमा पिस्टल तथा लाल बल्ब लगे को डायनामाइट की शक्ल देकर लूट की वारदात को अन्जाम दिया।

# जयपुर में शुरु हुआ श्री नवदुर्गा सप्तशती नवचंडी महायज्ञ

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के मालवीयनगर में नवरात्रा के अवसर पर लक्ष्मीजी को प्रसन्न करने के लिए रविवार को श्री नवदुर्गा सप्तशती नवचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक एवं ज्योतिषी आचार्य डॉ. लवभूषण ने आज यहां मीडिया को यह जानकारी देते हुए बताया कि मालवीयनगर के सेक्टर-12 में श्रीमालेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को सुबह नौ से अपराह्न दो बजे तक श्री नवदुर्गा सप्तशती नवचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। डॉ लवभूषण ने बताया कि महायज्ञ के लिए नौ हवन यज्ञ कुंड बनाए गए हैं। इसमें 11 विद्वान पंडित पूजन, हवन एवं नवचंडी का पाठ करेंगे।

# अपराधियों की धर पकड़ के लिए दौसा पुलिस का दो दिवसीय अभियान, 246 अपराधियों को किया गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा। वांछित एवं अपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धर पकड़ के लिए जिला पुलिस द्वारा दो दिवसीय अभियान चलाया गया। जिले के 620 पुलिसकर्मियों की 124 टीमों द्वारा एक साथ 900 स्थानों पर दबिश देकर 246 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी वन्दिता राणा ने बताया कि आईजी जयपुर रेंज उमेश चंद्र दत्ता के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर जिले में सक्रिय अपराधियों की धर पकड़ के लिए एडिशनल एसपी बजरंग सिंह, रामचंद्र सिंह व शंकर लाल मीणा के निर्देशन में सर्किल स्तर पर अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। दो दिन चली यह कार्रवाई सुव्यवस्थित और गोपनीय तरीके से की गई ताकि अपराधी एक दूसरे को सतर्क ना कर सके व सूचना लीक न हो। संपूर्ण अभियान में 620 के लगभग पुलिस बल ने अपराधियों के 900 ठिकानों पर एक साथ दबिश देकर 246 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी राणा ने बताया कि इस छापामारी में दौसा जिले के प्रकरणों में वांछित स्थाई वारंटी, पीओ, 299 सीआरपीसी में वांछित एवं गिरफ्तारी वारंटी में वांछित कुल 203 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जबकि



राजस्थान के अन्य जिलों जयपुर ग्रामीण, जयपुर दक्षिण, अलवर, भिवाडी, बारां, भीलवाड़ा, करौली, कोटा शहर व टोंक के प्रकरणों में वांछित 42 अपराधियों तथा मध्य प्रदेश राज्य के 1 अपराधी को गिरफ्तार कर संबंधित थाना को सुपुर्द किया गया है।

अभियान में गिरफ्तार किए गए स्थाई वारंटियों में पांच लंबे समय से वांछित थे। इनमें घनश्याम सिंह पुत्र जग्गू सिंह निवासी पीपलखेड़ा थाना बालाहेड़ी साल 2003 से, गिर्राज प्रसाद पुत्र रामकुवांर मीणा निवासी ठीकरिया थाना नागल राजावतान व कालूराम गुर्जर पुत्र मूलचंद निवासी जतपुर गुजरान थाना कोतवाली जिला दोसा साल 2019 से तथा जितेंद्र पुत्र शंकर लाल निवासी डाकौतों का मोहल्ला थाना मालपुरा गेट जिला जयपुर साल 2020 से वांछित है। दिनेश खींची पुत्र बाबूलाल निवासी बालाहेडी थाना महवा जिला दौसा साल 2013 से मध्य प्रदेश से वांछित है।

सम्मेलन



बाली विधानसभा में शनिवार को भाजपा द्वारा जनजातीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गारसिया, पूर्व मंत्री पुष्पेन्द्र सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## पूजा की छुट्टियों से वंचित करने के फैसले से हिंदू शिक्षकों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई : गिरिराज

**पटना/भाषा।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह शनिवार को बिहार के शिक्षा विभाग के उस परिपत्र के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए राजभवन पहुंचे जिसमें शिक्षकों को 21 अक्टूबर तक दुर्गा पूजा की छुट्टियों से वंचित किया गया है। बिहार के बेगुसराय लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भाजपा नेता सिंह ने इस संबंध में अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से मुलाकात की और पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य की नीतीश कुमार सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा, शिक्षा विभाग के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय हिंदू शिक्षकों की धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है। यह नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार का तुगलकी फरमान है जिसने हिंदू शिक्षकों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। मैंने आज इस संबंध में बिहार के राज्यपाल से मुलाकात की और इस मामले में उनसे हस्तक्षेप की मांग की। एससीईआरटी के निदेशक सज्जन आर द्वारा 12 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि परिषद ने 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक शिक्षकों के छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया है।

## चेतक हेलीकाप्टर आपात स्थिति में उतरा

**प्रयागराज (उप्र)/भाषा।** भारतीय वायुसेना का एक चेतक हेलीकाप्टर यहां गंगापार होलागढ़ थाना क्षेत्र में एक खेत में शनिवार को आपात स्थिति में उतरा। हालांकि, इस घटना में किसी को कोई नुकसान पहुंचने की सूचना नहीं है। रक्षा विभाग के एक जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, भारतीय वायुसेना का एक चेतक हेलीकाप्टर आज एहतियाती तौर पर सुरक्षा के तहत होलागढ़ में उतरा। यह हेलीकाप्टर नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था। उसमें कहा गया है, इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के बाद वह हेलीकाप्टर वापस अपने गंतव्य को चला गया।

## प्रधानाध्यापक कक्षा पांच की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार

**शाहजहांपुर (उप्र)/भाषा।** शाहजहांपुर के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को कक्षा 5 की एक छात्रा से अश्लील हरकत करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि आरोपी आसिफ जमाल (42), रोजा पुलिस थाना अंतर्गत एक सरकारी प्रावि का प्रधानाध्यापक है। उन्होंने बताया कि यह मामला शुक्रवार को तब सामने आया, जब लड़की के परिवार ने एक शिकायत में आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापक ने कक्षा में लड़की के साथ अश्लील हरकत की और चुप रहने के लिए उसे 10 रुपये दिए। उन्होंने कहा कि जब वे प्रधानाध्यापक के बारे में पूछताछ करने के लिए स्कूल गए, तो अन्य छात्राओं ने भी उत्पीड़न की ऐसी कहानियां बताईं।

## भदोही में प्रेत बाधा दूर करने के नाम पर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**भदोही (उप्र)/भाषा।** भदोही जिले के कोइरौना थानाक्षेत्र में एक मंदिर में प्रेत बाधा दूर करने के नाम पर कथित तौर एक व्यक्ति ने एक युवती से दुष्कर्म किया । पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। भदोही की पुलिस अधीक्षक (एसपी) मीनाक्षी कात्यायन ने शनिवार को बताया कि मिर्ज़ापुर का एक परिवार यहां कुछ दिनों पहले सीतामढ़ी दर्शन करने आया था जहां मोतीलाल (52) ने परिवार की 18 साल की युवती पर प्रेत बाधा होने का दावा किया। एसपी ने बताया कि मोतीलाल ने इसका विशेषज्ञ होने का दावा करते हुए उसके पिता को झाड़फूंक कर प्रेत भगाने का आश्वासन दिया। पुलिस के अनुसार इसके लिए मोतीलाल ने चार हज़ार रुपये (पूजा सामग्री के लिए) मांगे और युवती को साथ लेकर आने को कहा।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को जब युवती अपने पिता के साथ वहां पहुंची तब मोती लाल उसके पिता को वहीं रूकने के लिए कहकर उसे एक बाइक से दरवासी गांव स्थित हनुमान मंदिर के पीछे बने कमरे में ले गया। कात्यायन के अनुसार उस कमरे में मोतीलाल ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और तीन घंटे बाद उसे बाहर लाकर दूसरे दिन पुनः पूजा की बात कही। पुलिस के मुताबिक मोतीलाल ने युवती को दुष्कर्म की बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि अगले दिन युवती ने परिवार वालों को बाबा की करतूत बताते हुए वहां जाने से इनकार किया, फिर उसके पिता ने मोती लाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

# आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि महिलाएं इच्छा शक्ति और सरकार के समर्थन से उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम हैं। आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित सरकारी पहल के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए चौथे चरण के तहत 15 अक्टूबर से एक अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने अपने आधिकारिक निवास से महिला सशक्तिकरण रैली को हरी झंडी दिखाकर महिला सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर केंद्रित पहल मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत की।

यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि महिलाओं और बेटियों के कल्याण के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रैली राजधानी में कई स्थानों से गुजरी।

महिलाओं के लिए मददगार विभिन्न सरकारी योजनाओं का हवाला देते हुए, आदित्यनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि ''इच्छा शक्ति और सरकार तथा प्रशासन के सहयोग से, महिलाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने की क्षमता है।''

आदित्यनाथ ने कहा, ''उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे बड़ा आबादी वाला राज्य है। ऐसे में आधी आबादी के लिए विशेष प्रयास होने चाहिये। मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत रैली की शुरुआत इसे ही दर्शाता है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अक्टूबर से हर शहर, गांव और नगर निकायों के वार्ड में केंद्र और राज्य सरकार की महिला संबंधी योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान सरकार की ओर से महिलाओं और बेटियों की रक्षा से संबंधित उठाए गए विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा, ''महिला और बेटी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले से सख्ती से निपटा जाएगा। इसको लेकर सख्त आदेश दिए गए हैं क्योंकि सरकार पहले ही लोगों को सुधरने का काफी समय दे चुकी है। वहीं ऐसे लोगों से सख्त से निपटने के लिए थाना स्तर पर कार्रवाई का रिकॉर्ड भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।''

## युद्ध के इस दौर में भारत-स्विटजरलैंड के संबंध उदाहरण पेश करते : राजदूत राल्फ हेकनर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** स्विटजरलैंड के राजदूत राल्फ हेकनर ने कहा कि उनके देश का भारत के साथ जिस तरह का शांतिपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध है, वही आगे बढ़ने का रास्ता है, खासतौर पर युद्ध के इस युग में। उन्होंने यह विचार दोनों देशों के बीच मैत्री संधि होने के 75 साल के उपलक्ष्य में आयोजित 'स्विटजरलैंडइंडिया इन ब्लूम' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रखे।

स्विट्ज़रलैंड के दूतावास में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में पुष्प कलाकृति के माध्यम से बनाए गए बहुत सारे प्रतीकों के माध्यम से इस ऐतिहासिक दिन को मनाया गया। हेकनर ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''75 साल पहले भारत और स्विट्जरलैंड ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए थे और भारत ने आजादी के बाद मैत्री संधि पर हस्ताक्षर करने वाले पहले देश के रूप में स्विट्जरलैंड को चुना था।'' उन्होंने कहा, '' इसलिए हम आज दोस्ती और शांति का जश्न मना रहे हैं।' ये दो शब्द हैं जो हमें उस संधि में मिलते हैं, और विशेष रूप से आज युद्ध के युग में... स्विट्जरलैंड और भारत के बीच जैसे शांतिपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध निश्चित रूप से आगे बढ़ने का रास्ता हैं।''

स्विट्जरलैंड और भारत ने 14 अगस्त, 1948 को ''मैत्री और स्थापना संधि'' पर हस्ताक्षर किए। यह अपनी तरह का पहला समझौता था, और नए स्वतंत्र भारत द्वारा संपन्न पहले द्विपक्षीय समझौतों में से एक था।

## झारखंड में 5 नक्सली गिरफ्तार, आग्नेयास्त्रों में अमेरिका निर्मित एम1 राइफल जब्त

**चतरा (झारखंड)/भाषा।** झारखंड के चतरा जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन 'तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी' (टीएसपीसी) के दो स्वयंभू सब–जोनल कमांडर सहित संगठन के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी । पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उनके कब्जे से अमेरिका निर्मित राइफल, कारतूस और संगठन के पर्चे समेत कई आग्नेयास्त्र जब्त किए गए।

चतरा एसपी राकेश रंजन ने बताया कि सिदालु–सतपहाड़ी हिल में प्रतिबंधित संगठन के 10 सदस्यों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इसके आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इलाके में छापेमारी की और पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये माओवादियों में टीएसपीसी के सब–जोनल कमांडर प्रभात उर्फ प्रेम कुमार गंझू और विशु गंझू उर्फ अशोक गंझू शामिल है । अधिकारी ने बताया कि प्रभात 14 मामलों में जबकि विशु 11 अलग–अलग मामलों में वांछित है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा संगठन के तीन अन्य सदस्यों की पहचान अरुण प्रजापति, नरेश कुमार भोक्ता और जीतेंद्र कुमार रजक के रूप में की गई है। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उनके पास से एक एके–56 राइफल, एक अर्ध–स्वचालित एसएलआर राइफल, एक अमेरिका निर्मित एम1 राइफल, एक .315 बोल्ट राइफल, दो देसी पिस्तौल, 275 कारतूस और संगठन के 80 पर्चे बरामद किये गये हैं।



## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने नगालैंड के पहले मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया

### मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने कहा कि यह नगालैंड के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि उनका पूरा हो गया है लंबे समय का सपना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने नगालैंड में शनिवार को राज्य के पहले चिकित्सा महाविद्यालय 'नगालैंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च' (एनआईएमएसआर) का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सिर्फ नौ साल की अवधि में देश में एमबीबीएस सीटों की संख्या 64,000 से बढ़कर 1.6 लाख हो गई है, जबकि स्नातकोत्तर सीटों की संख्या दोगुनी हो गई है। एनआईएमएसआर, कोहिमा नागालैंड विश्वविद्यालय से संबद्ध है। इसे शैक्षणिक सत्र 2023–2024 में 100 एमबीबीएस छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति दी गई है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने कहा कि यह नगालैंड के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि उनका लंबे समय का सपना पूरा हो गया।

मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एनआईएमएसआर सिर्फ एक मेडिकल कॉलेज नहीं है, बल्कि एक शोध संस्थान भी है।

उन्होंने कहा, ''यह न केवल चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य को पूरा करेगा, बल्कि नगा समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी समाधान करेगा।''

## लाओस में बंधक बनाए गए ओडिशा के 35 कामगार, मुख्यमंत्री ने उन्हें वापस लाने के निर्देश दिए

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के 35 मजदूरों के एक समूह ने आरोप लगाया है कि जिस कंपनी के लिए वे काम करते थे, उसने उन्हें बंधक बना लिया है। मजदूरों ने अपने गांव के लोगों को वीडियो भेजकर यह जानकारी दी है और सरकार से उन्हें वापस लाने का अनुरोध किया है। वीडियो में मजदूरों ने कहा है कि जिस प्लाईवुड कंपनी के लिए वे काम करते थे, उसका कामकाज डेढ़ माह से बंद है, लेकिन इसके बाद न तो उन्हें वापस लौटने दिया जा रहा है और न ही उन्हें भुगतान किया गया है। केंद्रपाड़ा जिले के राजकनिका ब्लॉक के मजदूरों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने उनके पासपोर्ट भी छीन लिए हैं।

जब यह मामला राज्य सरकार के संज्ञान में लाया गया, तो मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने संबंधित अधिकारियों को उक्त मजदूरों को वापस लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य श्रम आयुक्त ने लाओस में भारतीय दूतावास के समक्ष यह मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि दूतावास ने ओडिशा सरकार को सूचित किया है कि श्रमिकों की सुरक्षित भारत वापसी के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे।




## बिरला ने ईयू संसद की उपाध्यक्ष से मुलाकात की, भारत के 'आंतरिक मुद्दों' पर प्रस्ताव का विरोध किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत के आंतरिक मुद्दों पर यूरोपीय संसद में प्रस्ताव पर शनिवार को उसकी उपाध्यक्ष निकोला बीयर से मुलाकात के दौरान कड़ा विरोध दर्ज कराया। बिरला ने यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष से कहा कि हर देश और संसद संप्रभु है और दूसरे देशों के आंतरिक मुद्दों पर दूसरों को चर्चा नहीं करनी चाहिए।

जुलाई में, यूरोपीय संसद ने एक प्रस्ताव अपनाया था, जिसमें भारत सरकार से मणिपुर में हिंसा को रोकने और धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया गया था। लोकसभा सचिवालय ने एक बयान में कहा, बिरला ने भारत की संप्रभुता को रेखांकित किया और भारत के आंतरिक मुद्दों पर यूरोपीय संसद में प्रस्ताव लाए जाने का विरोध किया। भारत ने जुलाई के प्रस्ताव को अस्वीकार्य और औपनिवेशिक मानसिकता को प्रतिबिंबित करने वाला करार दिया था।

बिरला ने यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष को अगले साल होने वाले भारतीय आम चुनावों के दौरान लोकतंत्र के उत्सव को देखने के लिए आमंत्रित किया। बीयर ने सफल पी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए बिरला को बधाई दी और भारत के साथ यूरोपीय संसद के घनिष्ठ संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि यूरोप चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है और उन्होंने भारत से सहयोग मांगा।

## अडाणी समूह के दो हवाई अड्डों के खातों की जांच सिर्फ दिखावा: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मुंबई में अडाणी एंटरप्राइजेज के दो हवाईअड्डों के खातों की कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा कथित जांच को शनिवार को 'आंख में धूल झोंकने वाला' और 'दिखावा' करार दिया तथा फिर से यह मांग दोहराई कि अडाणी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच करानी चाहिए।

अमेरिकी कंपनी 'हिंडनबर्ग रिसर्च' द्वारा अडाणी समूह के खिलाफ 'अनियमितताओं' और स्टॉक मूल्य में हेरफेर का आरोप लगाए जाने के बाद से कांग्रेस इस कारोबारी समूह पर निरंतर हमलावर है और आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराए जाने की मांग कर रही है। अडाणी समूह ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया है। उसका कहना है कि उसकी ओर से कोई गलत काम नहीं किया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को एक खबर का उल्लेख किया जिसमें अडाणी एंटरप्राइजेज के हवाले से कहा गया है कि कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में इस कारोबारी समूह के स्वामित्व वाले दो हवाई अड्डों के खातों की जांच कर रहा है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जैसा कि अडाणी समूह के मामले में तथ्य रोजाना सामने आ रहे हैं, सरकार 'पीआर मोड' में जाकर अपना चेहरा बचाने की पूरी कोशिश कर रही है, ताकि यह दिखाया जा सके कि वह प्रधानमंत्री मोदी के पसंदीदा कारोबारी समूह के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।''

## उप्र के भदोही में 13 किलोग्राम सोने के बिस्कुट के साथ तस्कर गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भदोही (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के भदोही में पुलिस ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह के दो तस्करों को 13 किलोग्राम सोने के बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने शनिवार को दी।

पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यान के मुताबिक, शुक्रवार देर रात राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने जिला पुलिस को सूचना दी कि तीन तस्कर एक कार में भारी मात्रा में सोने के बिस्कुट लेकर कहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि हालांकि, तस्करों को पुलिस कार्रवाई की भनक लग गयी। उन्होंने कहा कि तस्कर जिले के अंदर प्रवेश कर गए और रजपुरा मोड़ के पास वाहन खड़ा कर सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार तस्करों के भागने के बाद एसपी कात्यायन ने जिले के कई स्थल पर बैरियर लगाने का आदेश दिया। पुलिस के अनुसार इसके बाद पुलिस, एसओजी और डीआरआई के जवानों के एक दल ने दो तस्करों को 13 किलोग्राम सोने के बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उनके नाम राहुल और दीपक हैं और वे महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि इनका तीसरा साथी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

# मैं पिछली कुछ पारियों से सउद शकील के खेल पर नजर रख रहा था : कुलदीप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के बल्लेबाज सउद शकील को अपनी फिरकी में फंसाने वाले भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि वह मध्यक्रम के इस वामहस्त बल्लेबाज की शैली पर पिछले कुछ दिनों से नजर रखे हुए थे। चिर–प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के मैच में कुलदीप ने शकील को लेग स्पिन से चकमा देकर पगबाधा किया। स्वीप शॉट खेलने में माहिर शकील कुलदीप को पढ़ने में नाकाम रहे।

मैदानी अंपायर ने भारतीय खिलाड़ियों की अपील पर दिलचस्पी नहीं दिखाई लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने रिव्यू लेने में देरी नहीं की।

तीसरे अंपायर ने टेलीविजन रीप्ले देखने के बाद शकील को आउट करार दिया। कुलदीप ने भारतीय पारी के बाद प्रसारकों से कहा, ''मैं पिछले कुछ मैचों से सउद शकील को देख रहा हूं और वह काफी स्वीप करने की कोशिश कर रहा था। उसने सोचा कि गेंद धीमी आयेगी लेकिन वह स्किड हो गई।''

कुलदीप ने इस विकेट के चार गेंद बाद इफ्तिखार अहमद को 'रॉन्ग'वन' पर बोल्ड किया जिससे पाकिस्तान का स्कोर दो विकेट पर 155 रन से पांच विकेट पर 166 रन हो गया।

कुलदीप यादव ने कहा, '' पिच थोड़ी धीमी है। हम गेंद की लंबाई पर ध्यान दे रहे थे। वे ज्यादा आक्रमण नहीं कर रहे थे इसलिए मुझे गति और विकल्प आजमाने का मौका मिल गया। '' उन्होंने कहा, '' मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा था। रिजवान ने मुझे ज्यादा स्वीप नहीं किया इसलिए मैं उससे खराब शॉट खेलने के लिए मजबूर करना चाहता था।''

टूर्नामेंट के सबसे चर्चित मुकाबले में पाकिस्तान की टीम 191 रन पर आउट हो गयी।

भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा, '' यहां लगभग 90,000 दर्शकों की मौजूदगी में पाकिस्तान के खिलाफ खेलना शानदार एहसास है।''

## 'भाजपा रिश्तेदार समिति' और भाजपा ने मिलकर तेलंगाना को तबाह किया : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तेलंगाना में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली एक युवती की कथित आत्महत्या की घटना को लेकर शनिवार को प्रदेश की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि 'भाजपा रिश्तेदार समिति' और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मिलकर राज्य को तबाह कर दिया है।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही 23 वर्षीय युवती ने हैदराबाद के अशोक नगर स्थित अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने इलाके में प्रदर्शन किया। राहुल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कल हैदराबाद में एक छात्रा की आत्महत्या का समाचार अत्यंत दुखद है। यह आत्महत्या नहीं, हत्या है–युवाओं के सपनों की, उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं की।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''तेलंगाना के युवा आज बेरोजगारी के कारण पूरी तरह से टूट चुके हैं। पिछले 10 वर्षों में भाजपा रिश्तेदार समिति (बीआरएस) और भाजपा ने मिलकर अपनी अक्षमता से राज्य को तबाह कर दिया है।'' राहुल ने कहा, ''तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार 'जॉब कैलेंडर' जारी करेगी, एक महीने में यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) की तर्ज पर टीएसपीएससी (तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग) का पुनर्गठन करेगी और एक साल के भीतर दो लाख खाली सरकारी पदों को भरेगी। यह गारंटी है।'' वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''तेलंगाना में 23 वर्षीय छात्रा की आत्महत्या से स्तब्ध और दुखी हूं। इस छात्रा ने कथित तौर पर राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षाओं में बार–बार स्थगन और अनियमितताओं के कारण अपना जीवन समाप्त करने के लिए कठोर कदम उठाया। दुख की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं।''

## सुविचार

दुनिया की सबसे अच्छी दवा है जिम्मेदारी, एक बार पी लीजिए, जिंदगी भर थकने नहीं देगी।

## ट्वीट

देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में शामिल यह संस्थान आज भारत के छात्र–छात्राओं को परंपरागत शिक्षा के साथ–साथ आधुनिक शिक्षा व बौद्धिक नेतृत्व प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आज के समारोह में डिग्री एवं मेडल पाने वाले सभी विद्यार्थियों को मेरी अशेष शुभकामनाएं।

-अर्जुनराम मेघवाल

एक ओर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज विश्व पटल पर तेजी से उभर रहा है,देश विकास की गाथा लिख रहा है। वहीं दूसरी ओर शौर्य और पराक्रम की भूमि राजस्थान कांग्रेस के कुशासन में अपराध, भ्रष्टाचार, अराजकता और तुष्टीकरण की भेंट चढ़ गया है।

-राजेन्द्र सिंह राठौड़

## कहानी

गोविंद सेन

# स्पीड ब्रेकर



हफ्ते–दो हफ्ते में कोई न कोई स्पीड ब्रेकर मिल ही जाता है। अमूमन सुबह घूमकर लौटने में मुझे सवा घंटा लगता है। लेकिन जब कोई स्पीड ब्रेकर मिल जाता है तो पंद्रह मिनट से लेकर आधे घंटे तक की देरी हो जाती है। पत्नी पूछती है – 'आज देर हो गई?' मेरा जवाब होता – 'एक स्पीड ब्रेकर मिल गया था। साले ने आधे घंटे तक चगने ही नहीं दिया। फोकट मगज खाता रहा।' स्वर में खिन्नता होती। अनचाहे ही रास्ता रोककर मगज खाने वाले को मैं स्पीड ब्रेकर ही कहता हूँ। ये स्पीड ब्रेकर स्वाभाविक गति को बाधित कर दिमाग की धारा को एक अलग मोड़ दे देते हैं। घर पहुँचने की कितनी ही जल्दी क्यों न हो, स्पीड ब्रेकर अपनी बात पूरी बताए बगैर छोड़ते ही नहीं। मेरी ऊब और जाने की जल्दी को समझते ही नहीं। ऐसे परिचित मिलते ही रहते हैं। एक बार एक परिचित शुगर के लिए खुद पर आजमाए हुए देशी नुस्खे ही बताता रहा – वह भी आधे घंटे तक। अनिच्छा से उसे सुनना ही पड़ा। चूँकि वह तो मेरे भले के लिए ही बता रहा था। इसलिए मैं उसे सुनने से कैसे इनकार कर दूँ। आखिर सौजन्य भी कोई चीज होती है। आज भी एक स्पीड ब्रेकर मिल गया था। मैं अपने आपको कोसता हूँ। क्यों दो मिनट लेट न हुआ। दो न सही एक मिनट ही लेट हो जाता तो उसके दृष्टिपथ में तो न आता। मन्या का शिकार न बनता। बालीपुर फाटे से वह बालीपुर के लिए मुड़ जाता और मैं उसकी पकड़ में आने से बच जाता। लेकिन होनी बलवान होती है – होकर ही रहती है। मन्या मंडी से सब्जियाँ लेकर लौट रहा था। वह मध्यान्ह भोजन के लिए सब्जियाँ लाता है। रोज मंडी टच करता है। अक्सर वह स्कूटी से आता–जाता दीखता रहता है। लेकिन कभी न उसने मिलने की कोशिश की थी, न मैंने। लेकिन आज तो वह मिलने को उत्सुक ही नहीं, बल्कि आमादा लग रहा था। जैसे ही मैं बालीपुर फाटे पर पहुँचा, मन्या की निगाह मुझ पर पड़ गई। उसकी तो बाँछें खिल गईं। जैसे उसे अपना शिकार अनायास और निष्प्रयास मिल गया हो। उसने अपनी स्कूटी रोक दी थी। चाबी घुमाकर स्कूटी बंद कर दी। पहले तो मैं भी खुश हुआ था कि चलो, बरसों पुराने एक परिचित से मिलना हो जाएगा। लेकिन कुछ ही समय बाद खुद को फँसा हुआ महसूस करने लगा। वह आठ–दस साल बाद मिला था और उसकी बातें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही थी। वह बिना रुके अपनी सफलता की कहानी सुनाता ही जा रहा था। जैसे फर्राटे से दौड़ती बिना ब्रेक की गाड़ी हो।

मन्या यानी मन्नालाल। बचपन में हम उसे मन्या ही कहते थे। मैंने बालीपुर से ही मौसी के घर रहकर मिडिल पास की थी। क्लास में अव्वल आता था। तब अव्वल आना बड़ी बात होती थी। अव्वल आने वाला लड़का चर्चित हो जाता था। यह मान लिया जाता था कि यह आगे चलकर डॉक्टर, इंजीनियर या बड़ा अफसर बनकर खूब पैसे कमाएगा। गाँव के हिसाब से यह बड़ी बात होती। मेरी यही छवि मन्या के दिमाग में भी बनी हुई होगी। अब वह उस छवि को ध्वस्त करने पर लगभग आमादा था।

मन्या का घर मौसी के घर से बिलकुल सटा हुआ था। पकी–अधपकी ईटों की कामचलाऊ दीवारें थीं। आधी छत कवेलू और आधी पतरों से ढकी थी। आर्थिक हालत खराब थी जो कि अधिकांश लोगों की थी। मन्या मुझसे आठ–दस साल छोटा होगा ही। वह मौसेरे भाई मुकेश का हमउम्र था। दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे। मन्या एक किसान परिवार से था। तीन भाइयों में वह सबसे छोटा था। हिस्से–बँटवारे के बाद जमीन कम हो गई थी। मन्या को रोजगार और पैसे कमाने के दूसरे विकल्प तलाश करने पड़े थे। उसका रुझान तिकड़म और जुगाड़ में अधिक था। वह विस्तार से बताता जा रहा था। कैसे उसने शून्य से शुरू हो शिखर को छुआ था। एक जमाना ये था कि वह लोगों से पैसे माँगता फिरता था। उसके पास सौ–दो सौ का भी सोय नहीं होता था। सत्रह धंधे और फंदे किए। जुड़ाई की। मकान बनाने के ठेके लिए। फिर भी बात नहीं बनी। बलात्कार के एक केस में भी फँसा। हालाँकि उसने यह नहीं बताया कि उसने सचमुच बलात्कार किया था या नहीं। मैंने भी सौजन्य वश सच्चाई जानने की कोशिश नहीं की। जज को एक लाख रुपये देकर वह उस केस से बरी हुआ था। इस हिसाब से तो वह बहुत परेशानी में फँसा हुआ था। मुझ से रहा न गया। पूछा – 'फिर यह कायापलट कैसे हुई?' शायद वह इसी सवाल का इंतजार कर रहा था। उसने फटाक से जवाब दिया –'एमडीएम से। मध्याह भोजन मेरे लिए अनमोल रतन साबित हुआ।' जैसे मीराबाई को राम रतन धन प्राप्त हुआ था वैसे ही उसे एमडीएम रूपी रतन प्राप्त हुआ था। पहले वह सीईओ को हजार–दो हजार के लिए ब्लैकमेल किया करता था। सीईओ ने कहा – 'तू एमडीएम क्यों नहीं चलाता।'

तब उसके पास पैसे कहाँ थे। कुछ समय पहले उसने बैंक में क्राफ्ट लोन के लिए आवेदन कर रखा था। संयोग से खबर आई कि मन्नालाल तेरा लोन मंजूर हो गया है। पर तीन हजार देने होंगे। वह उत्साह से बताने लगा – 'मेरी तो उड़ के लगी थी। मैंने कहा – तीन नहीं चार हजार लेना, एक हजार मेरी तरफ से और मैंने उसे लोन में से ही चार हजार खुशी–खुशी दे दिए। वह भी खुश, मैं भी खुश। इस तरह साठ हजार मुझे बैंक से मिल गए।' उसने गौर किया कि पहले की तरह मन्या गाँव की आड़ी बोली से एकदम ठेठ खड़ी बोली पर आ गया था। हालाँकि लहजा उसका वही गाँव वाला ही था। शायद हिंदी में बात करने से ज़्यादा वजन पड़ता है। दूसरी बात शायद यह हो कि वह मुझे प्रभावित करना चाहता हो। चूँकि अब मैं गाँव में नहीं रहता, शहर का बाशिंदा हो गया हूँ। जबकि मन्या गाँव में ही रहता है। इसलिए वह यह दिखा देना चाहता है कि अब वह गाँव का सीधासादा मन्या नहीं, बल्कि शहरी बाबुओं, मास्टरों और अफसरों को भी घुमा देने वाला मन्नालाल बन चुका है। उसने बैंक से लोन के बाद की कहानी बताना शुरू की। अब सवाल गेहूँ का था। 'याद करो कि बद्रीलाल वर्मा मास्टर कैसे मरा?' मुझसे मुखातिब हो उसने पूछा। 'हार्ट अटैक से'। मेरे जवाब पर वह मुस्काया। जैसे मैंने कोई निहायत ही बचकाना जवाब दिया हो। 'लेकिन हार्ट अटैक क्यों पड़ा?'

मन्या के इस सवाल का मेरे पास जवाब नहीं था। तब रहस्य पर से पर्दा उठाने के अंदाज में उसने कहा – 'पहले एमडीएम मास्टर चलाते थे। वर्मा मास्टर ने कंट्रोल से गेहूँ उठाया ही नहीं। कागज पर एमडीएम चलाता रहा। दस क्विंटल गेहूँ इकट्ठे हो गए। वह जिस दिन कंट्रोल से, चोरी से गेहूँ ले जा रहा था, मैंने पकड़ लिया। धमकाया कि अभी कंप्लेन करता हूँ। बस वर्मा मास्टर घबरा गया। अटैक आया और वहीं खतम। यदि मैं बीच में नहीं आता तो वह पूरा गेहूँ बेचकर खा गया होता।' वर्मा की मौत की हकीकत जान मैं अवाक रह गया।

अब आगे का किस्सा सुनो – 'अंबाराम पाटीदार को मैंने कहा – गेहूँ दिलवा दो तो एमडीएम शुरू करता हूँ।' 'अंबाराम कौन?' मैंने जानना चाहा। 'अरे, वही, जो बीओ ऑफिस में है, एमडीएम सँभालता है... उसने झट से कागज बना दिया कि दस क्विंटल गेहूँ मन्नालाल राठौर को दिया जाय।' मुझे कुछ तो मालूम था ही। लेकिन उससे कन्फर्म करना चाहता था। मगज में अंबाराम पाटीदार की फाइल खुलने लगी। वह मूलतः शिक्षक ही था। लेकिन मंडल संयोजक बना बैठा था। स्थानीय विधायक का खास कृपा पात्र था। उसने एमडीएम के लिए आए हुए गेहूँ का पूरा का पूरा एक ट्रक ही पार कर दिया था। बहुत जुगाड़ी है। उसकी थोक स्टेशनरी की दुकान चल रही है। ब्लाक की सभी स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में उसी की दुकान से स्टेशनरी जाती है। गाँव में लम–सम खेती–बाड़ी तो है ही। मन्नालाल ने जोर देकर बताया कि आज मेरे पास सात आँगनवाड़ी और चार स्कूल हैं। पूरे ब्लाक की आँगनवाड़ियों के लिए सत्तू बनाने का काम भी मुझे ही मिला था। उसने थोड़े धीमे स्वर में बताया कि सत्तू–वत्तू कुछ बना नहीं। साहब ने कहा –'मन्नालाल सत्तू बनाने की कोई जरूरत नहीं पाँच लाख आए हैं। तीन तू ले और दो मैं रखता हूँ। तीन लाख फ़ोकट के आ गए। भगवान जब देता है तो छप्पर फाड़कर देता है... फिर और सत्तू का काम मिल रहा है।'

'एमडीएम भी एक नंबर चलाता हूँ। भोजन मीनू अनुसार ही बनता है। सब लोगों से कहता हूँ कि पहले मेरी आँगनवाड़ी चेक करो। सब चेक करते हैं और पीठ ठोककर जाते हैं। पंद्रह अगस्त और छब्बीस जनवरी पर मास्टरों और अफसरों को विशेष भोजन देता हूँ।' फिर वह मीनू अनुसार भोजन बनाने और निरीक्षकों को खुश रखने की खुद की ईजाद की हुई तरकीबों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालता रहा।

'तुम्हारी कितने साल की सर्विस है?' सवाल सुन मैं थोड़ा अचकचा गया। मैं इसके लिए कतई तैयार नहीं था। यह पहली बात थी जिसका संबंध मुझ से था। अभी तक वह केवल अपना ही वर्णन–विवरण और विचार प्रस्तुत कर रहा था, वह भी बहुत ही प्रभावी तरीके से। मुझ पर तो जैसे अचानक हमला हुआ हो। मैं तो अभी उसकी ही बातों में डूब–उतरा रहा था। लेकिन मुझे जवाब तो देना ही था। पता नहीं वह यह क्यों जानना चाहता है? मन में अनाम आशंका फन उठाने लगी। मन ही मन हिसाब लगाने लगा।

'तीस साल तो हो गए हैं। चौरासी में लगा था।' मन्या उत्साह से बताने लगा – 'एमडीएम चलाते–चलाते अभी मुझे केवल छह साल हुए हैं। बैंक में मेरे तीस लाख पड़े हैं।'

सुनकर मैं आश्चर्यचकित हो गया। मन्या का चेहरा खुशी से दीप्त होता जा रहा था। मेरा चेहरा बुझता जा रहा था। मुझे अपना दयनीय बैंक खाता याद आया। बच्चे ठीक रोजगार से लग नहीं पा रहे थे। प्राइवेट स्कूल में मास्टरी कर रहे थे। उसने आगे बताया – 'एक पिक–अप, बुलेरो, मोटरसाइकिल और ये स्कूटी है। तीन मंजिला मकान खड़ा कर लिया है। कभी आकर देखो तो... कभी स्कूल से छुट्टी भी ले लिया करो। छुट्टी तो तुम क्या लेते होंगे। गेप भी क्या मारते होंगे। कुछ करो दादा, कोरी मास्टरी से क्या होगा... मेरे छोरे ने बीफार्मा कर लिया है। तीन लाख दे दिए हैं। एमवाय में उसका हो जाएगा। छोरी भी इंदौर में सीए का कोर्स कर रही है।' मुझे अपनी जिंदगी व्यर्थ होने का अहसास तीव्रता से होने लगा। क्यों मैं अंबाराम पाटीदार या मन्या जैसा नहीं बन पाया! 'मुकेश बहुत पिछड़ गया है। बाल के धंधे में कोई दम नहीं है।' मुझे तो वह धराशायी कर ही चुका था। अब उसे उसने उसके साथ पढ़ने वाले मौसेरे भाई मुकेश को भी पकड़ लिया था। उसने उसे भी अपटनी लगा दी। अखाड़े में मन्या के सामने न मैं कुछ लग रहा था, न मुकेश। दोनों उसके सामने धूल चाट रहे थे। मुकेश बाल बनाने का काम न करे तो क्या करे। खेती–बाड़ी तो है नहीं। क्या वह भी मन्या जैसा हो जाय या उसे गुरु बनाकर पैसे कमाने के तरकीबें सीखे। तिकड़मों के पाठ पढ़े।

तभी मोबाइल बजा। मोबाइल उठाने से पहले मैंने उससे इजाजत ली – 'अच्छा चलूँ' और उसकी इच्छा की परवाह किए बगैर मैंने आगे बढ़ते हुए पत्नी का मोबाइल अटेंड किया। पत्नी मुझसे पूछ रही थी कि मैं कहाँ अटक गया हूँ। अभी तक लौटा क्यों नहीं। 'अरे, कुछ नहीं, रस्ते में एक स्पीड ब्रेकर मिल गया था।' मैंने पत्नी को कारण बताया जो शायद उसके सिर के ऊपर से निकल गया था। खैर, रस्ते भर मन्या की बातें मगज में उमड़ती–घुमड़ती रहीं। मन्या ने अपना विराट रूप दिखाकर मुझे वामन सिद्ध कर दिया था। खूब पढ़ा–लिखा होने के बावजूद मेरी गुजर जैसे–तैसे ही हो रही थी जबकि मन्या बमुश्किल आठवीं पास होगा। लेकिन मजे कर रहा है।

मुझे समझ में नहीं आ रहा था कि मैं मन्या को धिक्कारूँ या खुद को... या उस व्यवस्था को जो मन्या जैसे लोगों को हीरो बना देती है।

– 'हिन्दी समय' से साभार

मन्या का घर मौसी के घर से बिलकुल सटा हुआ था। पकी-अधपकी ईंटों की कामचलाऊ दीवारें थीं। आधी छत कवेलू और आधी पतरों से ढकी थी। आर्थिक हालत खराब थी जो कि अधिकांश लोगों की थी। मन्या मुझसे आठ-दस साल छोटा होगा ही। वह मौसेरे भाई मुकेश का हमउम्र था। दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे। मन्या एक किसान परिवार से था। तीन भाइयों में वह सबसे छोटा था। हिस्से-बँटवारे के बाद जमीन कम हो गई थी। मन्या को रोजगार और पैसे कमाने के दूसरे विकल्प तलाश करने पड़े थे। उसका रुझान तिकड़म और जुगाड़ में अधिक था। वह विस्तार से बताता जा रहा था। कैसे उसने शून्य से शुरू हो शिखर को छुआ था।

## संजय उवाच



संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# सार्थक

जीवन मानो एक दौड़ है। जिस किसी से पूछो, कहता है; वह दौड़ना चाहता है, आगे बढ़ना चाहता है। फिर बताता है कि अब तक जीवन में कितना आगे बढ़ चुका है। अलबत्ता कभी विचार किया कि आगे यानी किस ओर बढ़ रहे हैं? मनुष्य प्रतिप्रश्न दागता है कि यह कैसा निरर्थक विचार है? स्वाभाविक है कि जीवन की ओर बढ़ रहे हैं।

सच तो यह है कि प्रश्न तो सार्थक ही था पर मनुष्य का उत्तर नादानी भरा है। जीवन की ओर नहीं बल्कि मनुष्य मृत्यु की ओर बढ़ रहा होता है।

भयभीत या अशांत होने के बजाय शांत भाव से तार्किक विचार अवश्य करना चाहिए। मनुष्य चाहे न चाहे, कदम बढ़ाए, न बढ़ाए, पहुँचेगा तो मृत्यु के पास ही। मनुष्य के वश में यदि पीछे लौटना होता तो वह बार–बार लौटता, अनेक बार लौटता, मृत्यु तक जाता ही नहीं, फिर लौट आता, चिरंजीवी होने का प्रयास करता रहता।

स्मरण रखना, मृत्यु का कोई एक गंतव्य नहीं है, बल्कि यात्रा का हर चरण मृत्यु का स्थान हो सकता है, मृत्यु का अधिष्ठान हो सकता है। विधाता जानता है मनुष्य की वृत्ति, यही कारण है कि कितना ही कर ले जीव, पीछे लौट ही नहीं सकता। जिज्ञासा पूछती है कि लौट नहीं सकते तो विकल्प क्या है? विकल्प है, यात्रा को सार्थक करना।

सार्थक जीने का कोई समय विशेष नहीं होता। मनुष्य जब अपने अस्तित्व के प्रति चैतन्य होता है, फिर वह अवस्था का कोई भी पड़ाव हो, उसी समय से जीवन सार्थक होने लगता है।

एक बात और, यदि जीवन में कभी भी, किसी भी पड़ाव पर मृत्यु आ सकती है तो किसी भी पड़ाव पर जीवन आरंभ क्यों नहीं हो सकता? इसीलिए कहा है,

कदम उठे,
यात्रा बनी,
साँसें खर्च हुईं
अनुभव संचित हुआ,
कुछ दिया, कुछ पाया
अर्द्धचक्र पूर्ण हुआ,
भूमिकाएँ बदलीं–
शेष साँसों को
पाथेय कर सको
तो संचय सार्थक है
अन्यथा
श्वासोच्छवास व्यर्थ है..!

ध्यान रहे, जीवन में वर्ष तो हरेक जोड़ता है पर वर्षों में जीवन बिरला ही फूँकता है। आपका बिरलापन प्रस्फुटन के लिए प्रतीक्षारत है।

## नवरात्रि

# देवी के नौ रूपों को समर्पित हैं शारदीय नवरात्र

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406



नवरात्रि पर्व भारत में होली–दीपावली और दशहरे जैसी धूमधाम, हर्षोल्लास और श्रद्धा से मनाया जाता है। नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा नियम अनुसार करनी चाहिए। हिंदी पंचांग के अनुसार शारदीय नवरात्रि आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होती है और महानवमी के दिन समाप्त होती है. उसके अगले दिन दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है. कैलेंडर के अनुसार इस साल शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर से शुरू होने जा रही है। दुर्गाष्टमी 22 अक्टूबर 2023 रविवार को है, महानवमी 23 अक्टूबर 2023 सोमवार को है। प. मंगल व्यास भारती ने बताया पंचांग के अनुसार शारदीय नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि को यानी पहले दिन कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 48 मिनट से दोपहर 12 बजकर 36 मिनट तक रहेगा। ऐसे में कलश स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त इस साल 48 मिनट ही रहेगा। इस साल मां हाथी पर सवार होकर आ रही हैं ऐसे में इस बात के प्रबल संकेत मिल रहे हैं कि इससे सर्वत्र सुख संपन्नता बढ़ेगी। नवरात्रि में घट स्थापना या कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि के प्रथम दिन ही कलश स्थापना या घट स्थापना करके मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। 24 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। एक वर्ष में चार नवरात्रियां आती हैं। नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा के अलग–अलग रूपों की पूजा होती है। मंत्रोचारण से लेकर पूजा–पाठ, भोग लगाने तक हर एक चीज का अपना एक खास महत्व होता है। भागवत पुराण के अनुसार साल में चार नवरात्र मनाए जाते है। दो गुप्त नवरात्र शारदीय नवरात्र और बासंती नवरात्र चैत्र नवरात्र के नाम से भी जाना जाता है। चारों नवरात्रि ऋतु चक्रों पर आधारति हैं। चैत्र नवरात्र के साथ हिन्दू नव वर्ष की शुरुआत होती है।

हिंदू धर्म में नवरात्रि का बहुत महत्व है। नवरात्रि शब्द एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवाँ दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि देश का एक बहुत महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि भारत के विभिन्न प्रदेशों में अलग ढंग से मनायी जाती है। गुजरात में नवरात्रि समारोह डांडिया और गरबा के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। यह पूरी रात भर चलता है। देवी के सम्मान में भक्ति प्रदर्शन के रूप में गरबा, आरती से पहले किया जाता है और डांडिया समारोह उसके बाद। पश्चिम बंगाल में यह पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जाता है। इस पावन माह में माता रानी की पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्र में देवी और नवग्रहों की पूजा का कारण यह भी है ग्रहों की पूरे वर्ष अनुकूल रहे और जीवन में खुशहाली बनी रहे।

देशवासी नवरात्र मनाने की तैयारियां कर रहे है। इस दौरान मां दुर्गा के नवरूपों की उपासना की जाती है। इसमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा अलग–अलग दिन होती है। नवरात्र के पहले दिन देवी को शरीर में लेप के तौर पर लगाने के लिए चंदन और केश धोने के लिए त्रिफला चढ़ाना चाहिए। त्रिफला में आंवला, हर्रड़ और बहेड़ा डाला जाता है। दूसरे दिन केषों को ठीक स्थान पर रखने के लिए माता को रेशम की पट्टी दी जाती है। तीसरे दिन पैरों को रंगने के लिए आलता, सिर के लिए सिंदूर और देखने के लिए दर्पण दिया जाता है। चौथे दिन देवी को शहद, मस्तक पर तिलक लगाने के लिए चांदी का एक टुकड़ा और आंख में लगाने का अंजन, यानि कि काजल दिया जाता है। नवरात्र के पांचवें दिन देवी मां को अंगराग, यानि सौन्दर्य प्रसाधन की चीजें और अपने सामर्थ्य अनुसार आभूषण चढ़ाने का विधान है। नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की उपासना की जायेगी और बेल के पेड़ के पास जाकर देवी का बोधन किया जायेगा। नवरात्र के सातवें दिन मंत्रोच्चारण के साथ बेल के पेड़ से लकड़ी तोड़कर लाई जाती है। इन दिनों में देवी पूजा के साथ ही दान–पुण्य भी करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों को भोजन और धन का दान करें। नवरात्रि में व्रत करने वाले लोगों को फल जैसे केले, आम, पपीता आदि का दान करें।

## वीर गाथा

# मेजर उष्णीष जेटली: प्रतिबद्ध सैनिक, साहसी अधिकारी, आगे बढ़कर किया नेतृत्व



मेजर उष्णीष जेटली का जन्म उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हुआ था। वे अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद भारतीय सेना में भर्ती हो गए। वहां उन्हें 3/11 जीआर बटालियन में नियुक्त किया गया। वे अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद विभिन्न चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में तैनात रहे, जहां उन्होंने बहुत वीरता का प्रदर्शन किया। दिसंबर 2001 में मेजर जेटली की बटालियन 'ऑपरेशन रक्षक' के हिस्से के रूप में जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में तैनात थी। यह इलाका आतंकवाद से प्रभावित था। यहां शांति स्थापित करने के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा था। वहीं, पाकिस्तान की ओर से अचानक गोलीबारी भी हो रही थी। इसके जरिए पड़ोसी देश की फौज खुद के आतंकवादियों की घुसपैठ में मदद कर रही थी।

ऐसे मुश्किल हालात में भारतीय जवानों को हमेशा काफी सतर्क रहना होता था। किसी भी तरह की घुसपैठ को रोकने के लिए समयानुसार गश्त की जाती थी। इसी दौरान सेना को अपने विश्वस्त खुफिया सूत्रों से आतंकवादियों के बारे में सूचना मिली।

इसका विश्लेषण करने के बाद सेना ने दिसंबर की पहली तारीख को पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। मेजर जेटली को उसका नेतृत्व सौंपा गया। जब टीम उस इलाके में पहुंची तो आतंकवादियों ने अचानक हमला कर दिया। मेजर जेटली ने अपने जवानों को रणनीति के अनुसार हमला करने का आदेश दिया। इससे आतंकवादी बुरी तरह घबरा गए। उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में मेजर जेटली ने दो आतंकवादियों को मार गिराया।

इस दौरान मेजर स्वयं घायल हो गए। उनके घाव इतने गहरे थे कि उन्हें नहीं बचाया जा सका। वे भारत मां के लिए बलिदान हो गए। मेजर उष्णीष जेटली एक प्रतिबद्ध सैनिक और साहसी अधिकारी थे, जिन्होंने कर्तव्य के लिए अपना बलिदान दे दिया। उन्हें कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

प्रस्तुति



शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत पाकिस्तान के बीच आईआईसी विश्व कप 2023 मैच के दौरान प्रस्तुति देते बॉलीवुड कलाकार ।

# भारतीय मूल के छात्र एथलीट की मौत की जांच में कोच की लापरवाही का खुलासा

**सिंगापुर/भाषा**

सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में हुई भारतीय मूल के 14 वर्षीय एक छात्र-एथलीट की मौत की जांच में भारी लापरवाही का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार खिलाड़ी के बैडमिंटन कोच ने 'ट्रैक' छोड़ने से पहले उसके स्वास्थ्य का हाल-चाल नहीं लिया। चैनल न्यूज एशिया ने शनिवार को खबर दी है कि कोच को बर्खास्तगी का नोटिस थमाया गया। प्रणव मधैक स्कूल की बैडमिंटन अकादमी का हिस्सा था और वह एक ओलंपिक चैंपियन बनना चाहता था। पांच अक्टूबर को 400 मीटर 'फिटनेस टाइम ट्रायल' के बाद उसकी तबीयत खराब हो गयी थी।

प्रणव को 'नेशनल यूनिवर्सिटी' अस्पताल ले जाया गया था जहां बुधवार (11 अक्टूबर को) उसकी मौत हो गयी थी। शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल ने खिलाड़ी की मौत से जुड़े घटनाक्रम और जांच के निष्कर्ष को सामने रखा। पांच अक्टूबर को शाम करीब छह बजकर 26 मिनट पर पर अपना 'टाइम ट्रायल' सत्र पूरा करने के बाद प्रणव ने बैडमिंटन कोच से तबीयत ठीक नहीं होने की बात कही थी। स्कूल के अनुसार 'टाइम ट्रायल और कंडिशनिंग सत्र' छात्र-एथलीट प्रशिक्षण योजना का नियमित भाग है।

कोच ने प्रणव से आराम करने को कहा था क्योंकि पहले भी उसकी तबीयत खराब हो जाती थी और आराम करने के बाद वह फिर ठीक हो जाता था।

प्रणव 'स्टार्टिंग प्वाइंट' के एक तरफ आराम करने लगा और कोच फोन पर 'टाइम ट्रायल डाटा' देखने लगा। कोच उसके बाद अन्य छात्र-एथलीट को समझाने के लिए वहां से चला गया और उसे इस बात का आभास ही नहीं रहा कि प्रणव अब भी उसी जगह लेटा है। अन्य एथलीट को जानकारी देने के बाद कोच स्कूल से परिसर से चला गया।

स्कूल ने कहा कि बैडमिंटन कोच को ट्रैक छोड़ने से पहले प्रणव से मिलकर उसकी तबीयत का हाल जानना चाहिए था। स्कूल के अनुसार कोच ने प्रशिक्षण के बाद सभी छात्र-एथलीट को भेजने से पहले उनके बारे में जानकारी नहीं ली, जोकि स्कूल के सुरक्षा दिशा-निर्देशों के खिलाफ था।

संबोधन



हैदराबाद में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी शनिवार को हैदराबाद के प्रदर्शनी मैदान में 'रयथु सदासु' (किसान सम्मेलन) को संबोधित करते हुए।

# इजराइल का उत्तरी गाजा को खाली करने का आदेश 'अत्यधिक खतरनाक' : गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र/भाषा**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि इजराइल का उत्तरी गाजा में करीब 11 लाख लोगों को 24 घंटे के भीतर वहां से चले जाने की चेतावनी देना ''अत्यधिक खतरनाक'' और ''कतई संभव नहीं'' है। उन्होंने कहा कि युद्ध के भी कुछ नियम होते हैं।

गाजा में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों को बृहस्पतिवार को इजराइली सेना में उनके संपर्क अधिकारियों ने सूचना दी कि उत्तरी गाजा की तकरीबन 11 लाख आबादी को अगले 24 घंटे के भीतर दक्षिणी हिस्से में चले जाना चाहिए।

यह आदेश संयुक्त राष्ट्र के सभी कर्मियों और उन लोगों पर भी लागू होता है, जिन्होंने स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और क्लीनिक समेत संयुक्त राष्ट्र केंद्रों में शरण ली हुई है।

गुतारेस ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा, ''घनी आबादी वाले युद्ध क्षेत्र में 10 लाख से अधिक लोगों का ऐसे स्थान पर जाना जहां न भोजन है, न पानी और न ही रहने की जगह और जहां पूर्ण नाकाबंदी है, अत्यधिक खतरनाक और कुछ मामलों में तो बिल्कुल भी संभव नहीं है।''

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक में हिस्सा लेने के लिए जाने से पहले ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि हवाई हमलों के कुछ दिन बाद इजराइली रक्षा बलों ने गाजा और उसके आसपास के इलाकों में फलस्तीनियों को दक्षिणी क्षेत्र में जाने का आदेश दिया है।

गहन चिंता व्यक्त करते हुए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि ''दक्षिणी गाजा में अस्पताल पहले ही भरे हुए हैं और वे उत्तरी गाजा के हजारों नये मरीजों का इलाज नहीं कर पाएंगे।'' उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्रणाली ''चरमराने के कगार'' पर है और ''मुर्दाघर भी भरे पड़े हैं।''

गुतारेस ने बताया कि 11 स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी पर रहते हुए हत्या कर दी गई है और पिछले कुछ दिन में स्वास्थ्य केंद्रों पर 34 हमले किए गए हैं।

गाजा की स्थिति को खतरनाक बताते हुए गुतारेस ने कहा कि पूरे क्षेत्र में जल संकट है और बिजली गुल है। उन्होंने कहा, ''युद्ध के भी अपने नियम होते हैं। संयुक्त राष्ट्र को गाजा में हर किसी को ईंधन, भोजन और पानी मुहैया कराने के लिए मानवीय सहायता पहुंचने की तत्काल आवश्यकता है।''

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि गत शनिवार को इजराइल पर हमास के ''वीभत्स आतंकी हमलों'' में 1,200 से अधिक लोगों की मौत हो गई और हजारों अन्य घायल हो गए। इसके बाद गाजा में भीषण बमबारी में 1,800 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों अन्य घायल हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने उत्तरी गाजा को खाली करने के इजराइल के आदेश पर शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, ''संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि यह असंभव है कि ऐसा अभियान बिना मानवीय त्रासदी के पूरा हो जाए।''

# नेपाल में मनांग एयर का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट घायल

काठमांडू/भाषा। नेपाल में मनांग एयर का एक हेलीकॉप्टर शनिवार को एक पर्वतीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसका पायलट घायल हो गया। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के उप निदेशक जगन्नाथ निरुला ने बताया कि एवरेस्ट आधार शिविर के पास लुकला के समीप उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर 9एन एएनजे थोड़ा पलट गया और उत्तर-पूर्वी नेपाल के लोबुचे में उतरने की कोशिश करने के दौरान उसमें आग लग गई। निरुला के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में केवल पायलट प्रकाश सेधई सवार थे, जिन्हें हादसे में चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि घायल पायलट को इलाज के लिए विमान से काठमांडू ले जाया गया है। हादसे की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। मनांग एयर का एक हेलीकॉप्टर जुलाई में सोलुखुंबु जिले में लिखुपाइक ग्रामीण नगरपालिका के लामजुरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

# 'अगरतला के जीबीपी अस्पताल ने 1971 में बचाई थी बांग्लादेश के मुक्तियोद्धाओं की जान'

**अगरतला/भाषा**

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शनिवार को कहा कि अगरतला स्थित गोविन्द वल्लभ पंत (जीबीपी) अस्पताल 1971 के युद्ध के दौरान घायल हुए 'मुक्तियोद्धाओं' (आजादी के योद्धाओं) का सहारा बनकर उभरा था। इस युद्ध के बाद बांग्लादेश स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया। जीबीपी अस्पताल की स्थापना 1961 में हुई थी और 2005 में इसे शैक्षिक संस्थान अगरतला गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (एजीएमसी) बना दिया गया।

जीबीपी अस्पताल और एजीएमसी के स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा, ''जीबीपी अस्पताल उन हजारों घायल मुक्तियोद्धाओं के लिए सहारा बना था जो 1971 में मुक्ति संग्राम में लड़े और घायल हुए थे। उस वक्त 60 वर्ष की आयु पार चुके चिकित्सकों ने हजारों लोगों की जान बचाई थी।''

साहा ने कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना मुक्ति संग्राम में जीबीपी अस्पताल के योगदान को जानती हैं। उन्होंने कहा, ''इसी कारण शेख हसीना का त्रिपुरा के प्रति हमेशा प्रेम और स्नेह रहा है जो पाकिस्तानी सेना के खिलाफ मुक्तियोद्धाओं के लिए लॉन्चिंग पैड था।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है और अल्प अवधि के भीतर एक दंत चिकित्सा महाविद्यालय तथा एक नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि एजीएमसी में एमबीबीएस की 125 और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की 80 सीट है। वहीं, जीबीपी अस्पताल में सात नए सुपर स्पेशियलिटी विभाग भी स्थापित किए गए हैं।

साहा ने कहा,'' जिनके पास प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) बीमा नहीं है, उस प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का चिकित्सा बीमा दिया जाएगा। इस साल के बजट में इसके लिए 69 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।' पूर्वोत्तर राज्य के 8.50 लाख परिवारों में से लगभग 4.75 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई चिकित्सा बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' के दायरे में नहीं हैं।



# फिल्म 'संघर्ष-2' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

खेसारी लाल यादव और मेघाश्री की आने वाली फिल्म संघर्ष 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार ने फिल्म 'संघर्ष 2' का एक और नया ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसमें देशभक्ति का जज़्बा साफ साफ नजर आ रहा है।यह फिल्म 20 अक्टूबर को पूरे भारत के सिनेमाघरों एवं मल्टीप्लेक्स में प्रदर्शित की जाएगी। ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

वर्ल्डवाइड चैनल एंड जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत फिल्म संघर्ष-2 की सह निर्माता निवेदिता कुमार एवं कुलदीप श्रीवास्तव हैं, जबकि फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फिल्म में खेसारीलाल यादव, मेघाश्री, माही श्रीवास्तव, कृति यादव, सबा खान, सुशील सिंह, संजय पांडेय, विनीत विशाल,अनूप अरोरा, विनोद मिश्रा, समर्थ चतुर्वेदी, वर्णय मल्होत्रा, जे नीलम, रोहित सिंह (मटरू), पप्पू यादव, सुबोध सेठ, मनीष चतुर्वेदी, वैभव राय, अक्की, संजीव मिश्रा, यादवेंद्र यादव, ओपी कश्यप सहित कई कलाकार भी हैं।

# शाहिद कपूर के साथ काम करेंगी पूजा हेगड़े

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आयेंगी। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है। इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आयेंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़,ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं। पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें। मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा।





# लेक्मे फैशन वीक में दीया मिर्जा के साथ मंच पर उतरी अथिया और जाह्नवी कपूर

**मुंबई/एजेन्सी**

पिछले तीन दिन से मुम्बई में लेक्मे फैशन वीक 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस फैशन वीक में हिन्दी सिनेमा की सुन्दरियाँ हर वर्ष अपनी सुन्दरता का प्रदर्शन करने के लिए मंच पर उतरती हैं। मंच पर ये सुन्दरियाँ मशहूर फैशन डिजाइनरों के कपड़ों को आम लोगों के सामने पेश करती हैं। इसी सिलसिले में आयोजन के तीसरे दिन अभिनेत्री जान्हवी कपूर, अथिया शेट्टी, दीया मिर्जा और हरनाज संधू ने अदाओं के जलवे बिखेरे। जान्हवी ने मशहूर फैशन डिजाइनर अमित अग्रवाल के लिए रैम्प वॉक किया। जान्हवी ने ब्लैक कलर बॉडी ग्रेजिंग स्कर्ट और मैचिंग प्लंजिंग नेकलाइन वाला ब्रालेट पहना। उन्होंने ड्यूई बेस के साथ स्मोकी आईज मेकअप किया।

सुनील शेट्टी की बेटी व क्रिकेटर लोकेश राहुल की पत्नी अथिया ने फैशन डिजाइनर शिवम और नरेश के लिए कैट वॉक किया। उन्होंने सिल्वर और ब्राउन ओम्ब्रे आउटफिट पहना, जो प्लंजिंग नेकलाइन और स्ट्रैपी पैटर्न के डिटेलिंग के साथ है। मल्टी कलर्ड टॉप्स ईयरिंग और मेटैलिक डिजाइन वाला सैंडल कैरी किया। लाइट ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को हॉफ टाई-अप करके लुक पूरा किया।

दीया ने फैशन डिजाइनर पंकज और निधि के कलेक्शन को शोकेस किया। दीया ने आइवरी कोऑर्ड पहना। व्हाइट पैंट के साथ एंब्रॉयडेड क्रॉप टॉप और जैकेट पेयर किया। ग्लोइंग मेकअप के साथ मोतियों से सजा इयर कफ पहन लुक कंप्लीट किया। हरनाज ने फैशन डिजाइनर पल्लवी मोहन के लिए रैंप वॉक किया। इससे पहले एक्ट्रेस दिशा पटानी और अलाया एफ ने भी इवेंट में शिरकत की।

# शेफाली शाह को माल्किनजी कहकर पुकारते हैं अमिताभ

**मुंबई/वार्ता**



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अभिनेत्री शेफाली शाह को माल्किनजी कहकर पुकारते हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित रियलिटी गेम शो, कौन बनेगा करोड़पति 15 के आगामी एपिसोड में शेफाली शाह नजर आयेंगी। इस शो के होस्ट, अमिताभ बच्चन ने शेफाली शाह को प्यार से 'माल्किनजी' कहकर बुलाया। इस प्यारे नाम के पीछे की वजह उस समय की है जब अमिताभ ने फिल्म 'वक्त : द रेस अगेंस्ट टाइम' की शूटिंग की थी। अमिताभ बच्चन ने बताया कि कैसे विपुल शाह, जो शेफाली शाह के पति हैं, ने फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ उनसे संपर्क किया था और वह तुरंत इसका हिस्सा बनने के लिए सहमत हो गए। शेफाली ने फिल्म में अमिताभ की पत्नी का किरदार निभाया था। शूटिंग के दिनों को याद करते हुए अमिताभ ने मज़ाक़िया अंदाज़ में कहा,शेफाली शाह विपुल शाह की पत्नी हैं और वो मेरी ऑन-स्क्रीन पत्नी का किरदार निभा रही थीं। लेकिन फिल्म के सेट पर वह जिस तरह थीं, उससे मुझे पता चला कि घर की 'माल्किन' कौन है! उन्होंने कमान संभाल रखी थी और जहां भी जरूरी हो दिशा-निर्देश देती थीं। तभी मुझे लगा कि वो 'जबर्दस्त' हैं!' 'कौन बनेगा करोड़पति 15' का सोमवार' एपिसोड, 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

# तय समय पर ही प्रदर्शित होगी शाहरुख खान की 'डंकी'

**मुंबई/एजेन्सी**

चार साल के बाद बड़े परदे पर वापसी करने वाले शाहरुख खान ने 2023 में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1200 करोड़ का कारोबार करने वाली दो फिल्में पठान और जवान दी हैं। उनकी इस सफलतम वापसी को आगे बढ़ाने का काम करने वाली राजकुमार हिरानी की डंकी, जो क्रिसमस के मौके पर 22 दिसम्बर को प्रदर्शित होने जा रही है। बीते दिन इस फिल्म के बारे में समाचार फैला कि राजकुमार हिरानी की शाहरुख खान अभिनीत डंकी 22 दिसम्बर को प्रदर्शित नहीं हो पाएगी। इसे अगले साल के लिए टाल दिया गया है। यह फिल्म साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'सालार' के साथ इस साल क्रिसमस के मौके पर 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।



शुक्रवार (13 अक्टूबर) सुबह मीडिया में इस तरह की अफवाह उड़ी की 'डंकी' की रिलीज डेट को टाल दिया गया है, लेकिन यह सच नहीं है। मशहूर ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर 'डंकी' को लेकर जानकारी दी है कि इसकी रिलीज डेट को टाला नहीं गया है। शाहरुख की यह फिल्म इस साल अपनी तय तारीख पर क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।

इसके साथ ही तरण ने यह भी बताया कि 'डंकी' का टीजर जल्द रिलीज होने वाला है। हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि 'डंकी' को 2024 के लिए पोस्टपोन किया जा सकता है। लेटस सिनेमा के आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट के अनुसार पोस्ट-प्रोडक्शन टाइमलाइन में देरी के कारण फिल्म को अगले साल के लिए पोस्टपोन किया जा सकता है। इसके बाद मेकर्स ने 'डंकी' को लेकर अपडेट दिया है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com


चेन्नई | रविवार | 15-10-2023  /dakshinbharat  /dakshinbharat  DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

बुरे कर्मों का पुंज पाप है और अच्छे कर्मों का संग्रह पुण्य। परोपकाराय पुण्याय पापाय परपीडनम्। अर्थात् परोपकार करने से पुण्य और परपीडन से पाप मिलता है। पुण्य का पुरस्कार सुख है और पाप का दुःख। अनुभूत तथ्य है कि संसारी मनुष्य का स्वभाव विरोधाभासी है। वह पुण्य के सुखद फल की तो कामना करता है, किंतु पुण्य कर्म नहीं करना चाहता- पुणस्य फलमिच्छन्ति नेच्छन्ति पुण्य मानवाः इसी तरह वह पाप के फल को भोगने से बचता है।

# मधुर बोलने वाला व्यक्ति मिर्च के व्यापार में भी तरक्की कर लेता है : देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। श्री सुमतिवल्लभ मूर्तिपूजक जैन संघ में आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने अपने प्रवचन के माध्यम से कहा कि शब्द के प्रयोग में लालित्य, माधुर्य और विवेक बड़ी साधना है, जो सदा सुवचन बोलता है वह समय पर बरसने वाले मेघ की तरह सदा प्रशंसनीय और जनप्रिय होता है। हम जिन शब्दों का उच्चारण करते हैं उनकी गूंज वातावरण के माध्यम से सामने वाले व्यक्ति के दिमाग में समा जाती है। अगर हम मृदु वचन बोलेंगे तो इनका प्रभाव दूसरे व्यक्ति पर अच्छा पड़ेगा। शब्दों की शक्ति अतुलनीय है। बोलने से पूर्व शुद्धता, विनम्रता और दयालुता को प्रतिबिंबित करने, व्यवहार को प्रभावी बनाने के लिए शब्दों का चयन हमेशा सावधानी से करें। वाणी की कोमलता, शब्दों की मधुरता, स्वभाव की शीतलता, विचारों की सुंदरता और हृदय की विशालता जीवन के सफर को सुमधुर और रिश्तों को सुगंध से भर देती है। वे आगे बोले कि शब्दों की शक्ति का आभास इस बात से लगाया जा सकता है कि बड़े से बड़े युद्धों का कारण गलत शब्दों का प्रयोग बना है। हृदय से बोले गए शब्द मुझे क्षमा करें और धन्यवाद आज भी कानों में मिश्री घोल देते हैं। ये छोटे से शब्द बड़ी से बड़ी लड़ाई और हानि को टालने का दम रखते हैं। लोग तो यहां तक कहते हैं कि मधुर शब्द बोलने वाला व्यक्ति मिर्च के व्यापार में भी तरक्की कर लेता है। इसके विपरीत कर्कश शब्द बोलने वाला व्यक्ति शहद भी मुश्किल से बेच पाता है। उसके व्यवहार से खरीददार बचते हैं। वे व्यक्ति जो जीवन भर अच्छे शब्दों का प्रयोग करते हैं उनका जीवन भी अच्छे शब्दों की तरह सुंदर बन जाता है। इसलिए अच्छे शब्द मन को अध्यात्म और आनंद की अनुभूति प्रदान करते हैं। मधुर वाणी मन को मोह लेती है। शब्दों के माध्यम से भाव और रिश्ते का अनुभव होता है। शब्दों से ही व्यक्ति अपने विचारों का आदान-प्रदान करता है। सही मायनों में शब्द हमारे विचारों की मुद्रा होते हैं। उनके बिना न तो हम सोच सकते हैं और न ही अपना कोई कार्य कर सकते हैं। कई बार सोच-समझ कर किए गए अच्छे शब्दों का प्रयोग व्यक्ति का जीवन बदल देता है। सही बात सही समय पर केवल अच्छे शब्दों के माध्यम से ही की जा सकती है। कई बार व्यक्ति अनुचित शब्दों का प्रयोग करके अपने चरित्र और रिश्ते पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। सिर्फ सही बात को सही समय पर कहना ही कला नहीं है बल्कि सर्वाधिक इच्छा होने के बावजूद गलत बात को बिना कहे रह जाना उससे भी बड़ी कला है। शब्दों की शक्ति असीम है। व्यक्ति की वाणी ही उसका व्यक्तित्व निर्धारित करती है। हम अपनी वाणी के माध्यम से ही लोगों से जुड़ सकते हैं, अपने प्रेम को बांट सकते हैं। प्रेम भरी बोली का अमूल्य है जो व्यक्ति के जीवन में बहुत सहायक होती है। व्यक्ति वाणी के ही माध्यम से अपने आपको ऊपर उठा सकता है और नीचे गिरा सकता है। वाणी की मधुरता ही मानव जीवन का आनंद माना गया है। वाणी की मधुरता से ही हम हर किसी का दिल जीत सकते हैं।



# वाणी में अमृत भी भरा है, और विष भी : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** वाणी में अमृत भी है और विष भी यह व्यक्ति के ऊपर है वह किस का उपयोग करता है। शनिवार साहुकारपेट जैन भवन में महासती धर्मप्रभा ने कहा कि मनुष्य अपने शब्दों मे मधुरता और विवेक नहीं रखता है और कटुता रखता है तो उसका जीवन बर्बाद हो जाएगा। वचन ऐसे बोलने चाहिए कि किसी के भी मन को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए, वरना यह वाणी तुम्हारा अपमान करा देगी। इंसान की वाणी ही उसको पहचान और सम्मान दिलाती है। पढ़ लिखकर व्यक्ति कितनी भी डिग्रियां प्राप्त कर लेवें परन्तु उसने अपनी जिह्वा पर संयम और कन्ट्रोल नहीं रखा तो वाणी से वह अपना ही अहित करवा सकता है। किसी के भी प्रति अप्रिय शब्दो का उपयोग न हो जो कुछ भी बोला जाए उसकी अच्छाइयों से संबंधित ही बोला जाए तो इस वाणी से सुनने वाला तो प्रसन्न होगा ही, बोलने वाला भी आनंदित हो जाएगा। वाणी मे संयम रखने वाला व्यक्ति ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है। इसके विपरीत अनियंत्रित वाणी बोलने वाला व्यक्ति जीवन भर असफलता को प्राप्त करता है। जो व्यक्ति वाणी से सदैव मीठा बोलता है उसके मित्रों का क्षेत्र भी विस्तारित होता है। मृदुभाषी होने की स्थिति में लोगों के सहयोग और समर्थन में वह अत्यधिक ऊर्जा का संग्रह कर लेता है, जबकि कटु वचन बोलने वाला व्यक्ति अकेला पड़ जाता है।

साध्वी स्नेहप्रभाजी ने कहा कि वाणी दोस्त भी है और उसकी दुश्मन भी, अगर मनुष्य अपनी जिह्वा का सही ढ़ग से इस्तेमाल नहीं करता है और गलत वाक्य का प्रयोग करता और बोलता है तो मित्र भी उसका दुश्मन बन जाएगा। शब्द व्यक्ति के जीवन को निर्माण भी करते है और बिगाड़ भी देतें है। शरीर पर लगे चोट के लगे घाव तो भर जाते है परन्तु वचनों के घाव जीवन भर नहीं भरते है। वाणी मे हमारी मधुरता और मिठास नहीं है तो हम अपने परिवार को टुटने से नहीं बचा पाएंगे।





# कोई भी शुभ काम करो, सबका पुण्य काम करता है : आचार्य उदयप्रभसूरी

## भद्रतप तपस्वियों एवं महोत्सव के लाभार्थियों का हुआ सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। चंद्रप्रभु जैन नया मंदिर ट्रस्ट, किलपॉक श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ सहित छह विभिन्न जैन संघ के संयुक्त तत्वाधान और गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सुरीश्वरजी की पावन निश्रा में 100 दिवसीय विराट भद्रतप की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में आयोजित महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को तपस्वियों एवं महोत्सव के लाभार्थियों का बहुमान एटकिंसन रोड़ स्थित गौतमकिरण के प्रांगण में हुआ। भद्र तप की शुरुआत 5 जुलाई को हुई थी। महोत्सव में दोपहर दो बजे गांवसांझी एवं मेहंदी वितरण के कार्यक्रम हुए, जिसमें दो हजार से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया और उनको प्रभावना वितरित की गई। गांवसांझी में ऋषभ बालिका मंडल ने अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सायंकाल चंद्रप्रभु जैन नया मंदिर में महाआरती एवं प्रभुभक्ति के रंगारंग कार्यक्रम हुए। दक्षिण भारत के इतिहास में पहली बार आयोजित हुए इस विराट भद्रतप की पूर्णाहुति में 211 तपस्वियों ने भाग लिया। इस आराधना में 16 वर्ष से 80 वर्ष तक की आयु के आराधक जुड़े, जिनमें कुछ आराधकों ने पारणा में पांच द्रव्य से ज्यादा का उपयोग नहीं किया। एक आराधक ने यह उग्र तप करते हुए स्वयं के सहित 100 से अधिक जनों का केश लोचन किया। कुछ आराधक उत्तर पारणा से प्रेरित होकर इस तप से जुड़े, तो एक आराधक 27वां उपवास करते हुए आगे इस तप से जुड़ा। चेन्नई से बाहर गांव के भी कई आराधक इस तप से जुड़े। एक तपस्यार्थी ने 8 माह से आयंबिल तप करके उसके ऊपर इस भद्रतप से जुड़ा, तो एक दिव्यांग महिला आराधक ने इस उग्र तप की पूर्णाहुति की। जन्म से जैन न होते हुए भी तिरुमंगलम भाई ने भी इस तप की सफलतापूर्वक आराधना की। इस भद्रतप में कई जोड़े, जैसे सास- बहू, पति- पत्नी, तीन-तीन सगी बहनें, पिता- पुत्र आदि ने भी सफलतापूर्वक तप को पूर्ण किया। एक उग्र तपस्वी ने तो 100 में से 91 दिन उपवास करके और चावल के एक दाने से पारणा करके इस तप को पूर्ण किया।

कार्यक्रम में भद्रतप के सामूहिक पारणा, सामूहिक पचक्खाण, गांवसांझी, बियासना, जयजिनेंद्र, नवकारसी, बहुमान एवं अन्य विशिष्ट चढ़ावों के लाभार्थियों का बहुमान किया गया। इस दौरान 'द किंगडम ऑफ़ नॉलेज' नामक द्विमासिक पत्रिका का विमोचन आयोजक संघों के ट्रस्टियों ने किया।

आचार्यश्री उदयप्रभ सुरीश्वरजी ने इस मौके पर कहा कि नई ऊर्जा नई चेतना पैदा करती है। भद्रतप की शुरुआत के समय कई आराधकों ने कुछ दिन अप्रूवल में रखा, लेकिन जब समूह में जुड़ गए तो सब साथ में आगे पहुंच गए। उन्होंने कहा आराधना व साधना का प्रभाव इतना होता है की लंबी और बड़ी बीमारियां भी खत्म हो जाती है। उन्होंने भद्रतप के लिए सहयोग देने वाले परिवारजनों एवं आयोजक संघों की अनुमोदना करते हुए कहा कि कोई भी शुभ काम करो, सबका पुण्य काम करता है। उन्होंने कहा भद्रतप तो आपने सफलतापूर्वक किया है, अब स्वभाव को भी 'भद्र' बनाना है। 'भद्र' स्वभाव यानी अपने कोई पाप को छुपाना नहीं। सौ दिन लगातार 'भद्र' स्वभाव को टिकाना मुश्किल है, लेकिन आपको भद्रतप से प्रेरणा लेकर यह करना है। आचार्यश्री युगोदयप्रभ सुरीश्वरजी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि परमात्मा की कृपा से आराधना-साधना का वातावरण बनता है। उनकी वाणी का प्रभाव हमारे हृदय में प्रकट होता है। उन्होंने कहा हमें बाह्य तप के साथ आभ्यंतर तप की साधना भी करनी चाहिए। कार्यक्रम की व्यवस्था में तमिलनाड जैन महामंडल व सिवांची युवा मंडल ने सहयोग प्रदान किया। प्रसिद्ध संगीतकार शिवमसिंह, जैनम वारिया, उमंग भावसार और धीरज निब्जिया ने संगीत की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। मंच संचालन विपिन सतावत ने किया।





# पैरेन्ट्स मीटिंग में नवरात्रि महोत्सव का हुआ स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जयगोपाल गारोदिया मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल ने शनिवार को पेरेंट इवेंट्स मनाया। यह माता-पिता की भागीदारी बढ़ाने और स्कूल को समर्थन देने के उनके प्रयास को बढ़ाने के लिए मनाया गया। एक सफल शैक्षिक प्रणाली पर सीधे सकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।

विभिन्न स्कूल परिसर में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी रचनात्मकता और नवीनता के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या श्रीमती हेमामालिनी के स्वागत भाषण से हुआ। सरकारी केएमसी अस्पताल के प्रमुख डॉ. एम माला रवि ने समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने विजेताओं को स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार वितरित किए।

## गौसेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में पितृ अमावस्या पर ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कान्फ्रेंस की तमिलनाडु प्रांतीय शाखा के मार्गदर्शन में प्रांतीय युवा कान्फ्रेन्स द्वारा वेपेरी के गौशाला में गायों की सेवा की गई। गायों को गुड़, चारा, खीरा आदि दिया।इस मौके पर राष्ट्रीय युवा शाखा के उपाध्यक्ष विमल खबिया, मंत्री आशीष रांका के साथ, प्रांतीय युवा महामंत्री मनीष रांका, मानव सेवा योजना अध्यक्ष संजय सेठिया आदि पदाधिकारियों के साथ मोहित तालेड़ा, प्रदीप बोकड़िया, सिद्धार्थ रुणवाल, विनोद रांका आदि सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ। सभी ने एएमकेएम में विराजित साध्वीश्री चैतन्याश्रीजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अग्रवाल सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती समारोह आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। स्थानीय श्री अग्रवाल सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन की 5147 वी जन्म जयंती का आयोजन किया जा रहा है। श्री अग्रवाल सभा के महासचिव जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि अग्रवालों के इष्टदेव महाराजा अग्रसेनजी की जयंती प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तमिलनाडु के अपर पुलिस महानिदेशक डॉ संदीप मित्तल आईपीएस तथा विशिष्ट अतिथि जेएचए अग्रसेन कॉलेज के सचिव व पत्रचारक हरीश कुमार सांघी होंगे। अग्रवाल ने बताया की सुबह दस बजे साहूकारपेट स्थित श्री पूर्णीदेवी गोयंका अग्रवाल सभा भवन में श्री महाराजा अग्रसेन जी की पूजा एवं हवन अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा तत्पश्चात सायं काल सांस्कृतिक कार्यक्रम एसआर केके अग्रवाल सभा भवन शांति कॉलोनी अन्ना नगर में होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां अग्रवाल सभा के अध्यक्ष इंद्राज बंसल के मार्गदर्शन में पूरी कर ली गई है।




# एक शाम मां आशापुरा व सुंधा माताजी के नाम जागरण आज

चेन्नई। आसोज मास के पवित्र अवसर पर एक शाम मां आशापुरा व सुंधा माताजी के नाम भक्ति जागरण का आयोजन कोंडिथोत के कृष्णपाटैंक स्ट्रीट स्थित श्री आशापुरा भवन में शाम को आठ बजे से किया जा रहा है। आयोजन के लाभार्थी विजयराज चौहान व नेनमल नागर होंगे। जिसमें दक्षिण भारत के प्रसिद्ध भजन कलाकार शांतिनाथ गोस्वामी एंड पार्टी अपने मधुर भजनों से आयोजन को भक्ति मय बनाएंगे।

# एकल अभियान का डांडिया रास कार्यक्रम 21 को

**बेंगलूरु।** वनबंधु परिषद के एकल अभियान द्वारा 21 अक्टूबर को बिलेकहल्ली स्थित सालासर बालाजी मंदिर भूमि स्थल पर डांडिया रास 'हैल्लो रे हैल्लो' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य संयोजक डॉ अभिषेक मोदी ने बताया इस कार्यक्रम में जूनियर अक्षयकुमार के रुप में प्रसिद्ध विभिन्न लॉफ्टर शो कलाकार विकल्प मेहता शामिल होंगे। कार्यक्रम में वनबंधु परिषद बेंगलूरु चैप्टर, एकल युवा, महिला समिति व श्रीहरि सत्संग अपना सहयोग दे रही है। कार्यक्रम में महाआरती कमला-हाथीमल बैद, पूर्णाहुति प्रसाद सुशीला-सुरेंद्र गोयल एवं प्राइज स्पॉन्सर ईशा-विक्रम अग्रवाल ने लाभ लिया है।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.